Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 171 ▫ रायपुर, मंगलवार 14 जुलाई 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## खाद-बीज पर विपक्ष ने दिया स्थगन

# जवाब से असंतुष्ट सदस्य सरकार के खिलाफ नारे लगाते पहुंचे गर्भगृह में, हुए निलंबित



छत्तीसगढ़ विधानसभा मानसून सत्र



**रायपुर, 14 जुलाई ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ विधानसभा मानसून सत्र के दूसरे दिन खाद-बीज के मुद्दे पर शून्यकाल में स्थगन प्रस्ताव लाकर विपक्ष ने सरकार को घेरा. विपक्ष ने सरकार पर किसान विरोधी होने के साथ किसानों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया. विषय पर मंत्री रामविचार नेताम के जवाब से असंतुष्ट विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते गर्भगृह में पहुंचे, जिसके बाद स्वमेव निलंबित हुए। शून्यकाल में किसानों से जुड़ी समस्याएं, खाद और उन्नत बीज की कमी को लेकर स्थगन की सूचना देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि खाद के लिए किसान परेशान हो रहे हैं. खाद का कोटा भी कम किया गया है. बारिश भी कम हुई है, जिससे बोनी भी पिछड़ी हुई है. किसान खाद के लिए भटकते रहे, खाद्य सोसायटी मे उपलब्ध नहीं था, लेकिन व्यापारियों के पास उपलब्ध है, किसानों को लुटा जा रहा, बिजली की कटौती की जा रही है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा कि डीएपी, पोटाश जैसे खाद नदारद है, किसान कृषि विभाग के कुप्रबन्धन का शिकार हो गए हैं. कई व्यापारियों ने खाद को खपाने के लिए जिस तरह दलाली शुरू कर दी है, वो चिंता का विषय है. किसानों पर चौतरफा प्रहार हो रहा है। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि खाद और बीज की कोई कमी नहीं है. खाद और बीज की पर्याप्त उप्लवधता सुनिश्चित कर ली गई है. प्रदेश में उर्वरक का लक्ष्य 15.55 लाख मीटिक टन के विरुद्ध लक्ष्य का 90 प्रतिशत लगभग 14 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कर लिया गया है. मांग के विरुद्ध 96 प्रतिशत बीजों का भंडारण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि वैकल्पिक श्रोत जैसे एनपीके और सिंगल सुपर फास्फेट की भी उपलब्धता सुनिश्चित की गई है. पिछली बार के मुकाबले इस बार 96 हजार मीट्रिक टन ज्यादा उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है. खाद के 94 नमूने जहां से अमानक पाए गए उनपर कार्रवाई भी की है। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष की सदन में नारेबाजी शुरू कर दी. सत्ता पक्ष की ओर से भी नारे लगाए जाने लगे. माहौल में तब और गर्मी आ गई, जब विपक्ष के विधायक नारेबाजी करते हुए गर्भगृह में पहुंचे. गर्भगृह में पहुंचने से विपक्ष के विधायक स्वतः निलंबित हुए. निलंबन के बाद नारेबाजी करते हुए विपक्ष के विधायक सदन से बाहर निकल गए।

## बालको रिंग रोड पर हादसा

# ट्रेलर की चपेट में आने से दो युवतियों की हुई मौत, युवक गंभीर घायल

**कोरबा, 14 जुलाई ( हाईवे चैनल )।** जिले के बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत रिंग रोड स्थित डेंगूनाला पुल के पास मंगलवार को हुए भीषण सडक़ हादसे में बाइक सवार दो युवतियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को डायल-112 की सहायता से तत्काल जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।



प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कोयला से लदे ट्रेलर क्रमांक सीजी-12बीजी-2932 और मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी-10 सीबी-2635 के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पर सवार दोनों युवतियों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बालको थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू की। फिलहाल मृतक युवतियों की शिनाख्त की जा रही है। पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई।

# औद्योगिक दुर्घटनाओं पर विधानसभा में बवाल वेदांता डायरेक्टर पर एफआईआर का मुद्दा गरमाया

छत्तीसगढ़ विधानसभा में औद्योगिक दुर्घटनाओं का मामला जोर शोर से उठा। विपक्ष ने शक्ति जिले में वेदांता प्लांट में हुए हादसे में मजदूरों की मौत पर वहां के चेयरमैन पर एफआईआर करने पर सरकार को घेरा। इस पर विपक्ष ने इस फैक्ट्री को बेचने के लिए मालिक पर दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए सरकार से जवाब मांगा। उद्योग मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष ने सदन से वाकआउट कर दिया।

विधानसभा में मानसून सत्र के दूसरे दिन प्रश्नकाल में नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने पूछा कि जनवरी 2024 से मई 2026 तक प्रदेश के उद्योगों में कितनी दुर्घटनाएं, कहां कहां हुई और उसमें कितनी मौतें हुई और मृतक के परिजनों को कितनी मुआवजा राशि दी गई है। सक्ती जिले में वेदांता प्लांट में 25 मजदूरों की मौत पर अनिल अग्रवाल के खिलाफ एफआईआर की गई है उसे छिपाया क्यों जा रहा है। इसके पहले कितने फैक्ट्री डायरेक्टरों पर एफआईआर की गई है। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने यह स्वीकार किया कि सुरक्षा ऑडिट नहीं होने से दुर्घटनाएं बढ़ रही है। वेदांता ने मृतक के आश्रितों को 35,35 लाख और प्रधानमंत्री की ओर से 2,2 लाख का मुआवजा दिया गया है। मंत्री ने कहा कि इस मामले की जांच पुलिस कर रही है और श्रम न्यायालय में भी मामला चल रहा है दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। मंत्री के जवाब के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि इससे पहले कितनी फैक्ट्रियों में हुए हादसे पर डायरेक्टरों पर एफआईआर हुई है। कांग्रेस ने वेदांता प्लांट को बेचने के लिए दबाव बनाने अनिल अग्रवाल पर कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए सदन में नारेबाजी करते हुए वाकआउट कर अपनी नाराजगी दिखाई।

**मंत्री के जवाब से नाराज़ विपक्ष ने किया वॉकआउट**

# अजय चंद्राकर, सुनील सोनी और राजेश मूणत ने जल आपूर्ति पर मंत्री अरुण साव को घेरा

प्रश्नकाल के दौरान सत्ता पक्ष के विधायकों ने जल जीवन मिशन के कार्य को लेकर मंत्री अरुण साव को घेरा. भाजपा विधायक भईया लाल राजवाड़े, अजय चंद्राकर, सुनील सोनी और राजेश मूणत ने कहा कि हर साल रायपुर के लोगों भीषण जल संकट से जूझना पड़ता है. जहां पानी टंकी है, वहां भी टैंकरों से पानी की सप्लाई हुई. इस पर मंत्री ने कहा कि योजना पर काम किया जा रहा है। विधायक अजय चंद्राकर ने रायपुर में अमृत मिशन के क्रियान्वयन को लेकर विभागीय मंत्री अरुण साव से सवाल किया. मंत्री ने बताया कि रायपुर में 2016 से इसका क्रियान्वयन शुरू हुआ उपलब्ध राशि के हिसाब से 5 पैकेज की स्वीकृति हो पाई, जिसमें 20 में आंशिक रूप से उपलब्धता हो पाई. अभी 304 करोड़ का काम प्रक्रियाधीन है. जनसंख्या का भी लागतार प्रसार हो रहा हुआ, जल स्तर भी नीचे जा रहा है, फिर भी हम कोशिश कर रहे है कि सभी घरों तक नल कनेक्शन पहुंचे. आने वाले समय में सभी घरों तक पानी पहुंचने में सफल होंगे।

इस पर विधायक अजय चंद्रकार ने कहा कि मैने परियोजना कितने वार्डों के लिए बनी यह पूछा? योजना कितने राशि की बनाकर भेजी गई? 1 लाख 21 घरो में पानी नहीं जा रहा है, आखिर योजना बनाई किसने थी? इस पर उप मुख्यमंत्री ने बताया कि फेस 1 में 10 लाख से कम आबादी वाले क्षेत्रों में प्रतिशत के हिसाब से राशि निर्धारित की गई. पर जब राशि कई चीजों के लिए उपलब्ध नहीं थी, वहां का कार्य नहीं हो पाया है. हम कार्य कर रहे हैं, जहाँ तक पानी नहीं पहुंचा है वहां भी पानी पहुंचे। अजय चंद्रकार इसके बाद सवाल किया कि स्मार्ट सिटी से और 15वें वित्त आयोग से राशि का कितना प्रोविजन किया गया कितनी को पानी मिल रहा है? इस पर उप मुख्यमंत्री ने बताया कि अभी जो 304 करोड़ का काम स्वीकृत हुआ है. 15वें वित्त से 45 करोड़ 33 लाख रु के लिए लाभांडी से अधोसंरचना और कई अन्य क्षेत्रों के लिए अलग-अलग प्रावधान राशि के हिसाब से किए गए है।

## पहलगाम आतंकी हमले में एनआईए का बड़ा एक्शन

# हाफिज सईद के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी

**नई दिल्ली, 14 जुलाई ( न्यूज चैनल )।** 2025 के पहलगाम आतंकी हमले के मामले में एक अहम घटनाक्रम के तहत, जम्मू की एक अदालत ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (स्क्ष्ज्ञ) के प्रमुख हाफिज सईद के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है, जिससे उसकी अनुपस्थिति में मुकदमा चलने का रास्ता साफ हो गया है। यह आदेश नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी द्वारा 6 जुलाई को एक सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल करने के बाद आया है, जिसमें सईद को आरोपी बनाया गया है और आरोप लगाया गया है कि वह 22 अप्रैल, 2025 को हुए उस आतंकी हमले का मास्टरमाइंड था, जिसमें 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से ज़्यादातर पर्यटक थे। वारंट की मांग करते हुए आतंकवाद विरोधी एजेंसी ने अदालत से कहा आरोपी जानबूझकर गिरफ्तारी से बच रहा है और एनआईए उससे इस मामले में आगे की कार्यवाही शुरू करने और किसी भी आगे की जांच में उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए अनिश्चित तिथि का गैर-जमानती वारंट जारी करने का अनुरोध करती है। अपने आवेदन में एनआईए ने तर्क दिया कि सईद इस समय पाकिस्तान में है और भारतीय अदालत के समक्ष उसकी उपस्थिति सुनिश्चित करना संभव नहीं है। एजेंसी ने कोर्ट को बताया कि उसे पाकिस्तान से वापस लाने के सभी कानूनी रास्ते लगभग खत्म हो चुके हैं।

## ब्रेकिंग न्यूज

### यूपी में रहमान ढेरः एक लाख के इनामी मुस्तफिजुल का एसटीएफ ने किया एनकाउंटर

**नई दिल्ली, 14 जुलाई ( न्यूज चैनल )।** गोरखपुर में एसटीएफ और पुलिस की संयुक्त टीम के साथ सोमवार देर रात हुई मुठभेड़ में एक लाख रुपये का इनामी मुस्तफिजुल रहमान उर्फ बाबू मारा गया। इस दौरान मुख्य आरक्षी महेंद्र सिंह भी गोली लगने से घायल हो गए। उनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार, सोमवार रात करीब 11 बजे रामनगर करजहा से कुशीनगर लेन के पास एसटीएफ और पुलिस की टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान आजमगढ़ के मेहनगर खुन्दनपुर निवासी मुस्तफिजुल का पुलिस से सामना हो गया। उसने भागने की कोशिश की तो टीम ने उसका पीछा किया। इस पर उसने फायरिंग शुरू कर दी। इसमें मुख्य आरक्षी महेंद्र सिंह घायल हो गए। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में मुस्तफिजुल के भी पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां देर रात मुस्तफिजुल की मौत हो गई।



# होर्मुज में भारतीय नागरिक की मौत पर केंद्र सरकार का एक्शन, ईरानी अधिकारियों को किया तलब

**नई दिल्ली, 14 जुलाई ( न्यूज चैनल )।** विदेश मंत्रालय ने ओमान के तट पर व्यापारिक जहाजों पर हाल ही में हुए हमलों को लेकर ईरानी राजनयिकों (जिनमें डिप्टी चीफ ऑफ मिशन मोहम्मद जवाद होसैनी भी शामिल हैं) को तलब किया है। इस हमले में भारतीय नाविक की हत्या हुई है। यह राजनयिक कदम ओमान के समुद्री क्षेत्र में होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे संयुक्त अरब अमीरात के ध्वज वाले दो टैंकरों पर हुए हमले के बाद उठाया गया है। इसमें एक भारतीय चालक दल के सदस्य की मौत हो गई। वहीं, भारतीय नागरिकों सहित कई अन्य घायल हो गए। भारत ने ईरानी दूतावास से स्पष्टीकरण मांगा और हमले पर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त की।

खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव और वैश्विक ऊर्जा परिवहन के प्रमुख मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों के आवागमन पर मंडराते खतरों के बीच यह तलब जारी की गई है। बैठक के संबंध में ईरानी दूतावास की ओर से तत्काल कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच यह राजनयिक प्रयास हुए हैं।

### ईरान-अमेरिका जंग ने छीन ली बिहार के बेटे की जिंदगी, मर्चेंट शिप पर काम के दौरान हमले में गई जान

ईरान और अमेरिका के बीच जारी सैन्य संघर्ष का असर अब बिहार तक महसूस किया जा रहा है। गोपालगंज जिले के थावे बाजार निवासी एक युवक की विदेश में मौत की सूचना मिलने के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान स्थानीय व्यवसायी संजय गुप्ता के पुत्र सोनू कुमार गुप्ता के रूप में हुई है, जो दुबई में एक मर्चेंट शिप पर कार्यरत थे। परिजनों के अनुसार, मंगलवार सुबह उन्हें सूचना मिली कि ईरान-अमेरिका संघर्ष के दौरान हुए एक हमले में सोनू कुमार गुप्ता की मौत हो गई। हालांकि, घटना से संबंधित आधिकारिक विवरण का परिवार को अभी इंतजार है। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। माता-पिता और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सोनू के पिता संजय गुप्ता थावे बाजार में जूता-चप्पल की दुकान चलाते हैं। बेटे की मौत की खबर मिलने के बाद मंगलवार को उनकी दुकान बंद रही।



# देशभर के 80 से ज्यादा टोल प्लाजा होंगे बंद

**नई दिल्ली, 14 जुलाई ( न्यूज चैनल )।** देशभर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर सफर करने वाले करोड़ों वाहन चालकों के लिए राहत की एक बड़ी खबर है। सरकार ने देश के 80 से ज्यादा टोल प्लाजा को एक अक्तूबर से बंद करने का फैसला लिया है। दरअसल, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की एक हालिया आंतरिक ऑडिट रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि कई टोल प्लाजा ऐसे हैं, जो अपनी पूंजीगत लागत पूरी होने के बाद भी 60 किलोमीटर के भीतर अवैध तरीके से वसूली कर रहे हैं।




सूत्रों का कहना है कि उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड और दक्षिण भारत के कई राज्यों में सक्रिय टोल ऑपरेटर बड़ी चालाकी से कार्य कर रहे हैं। वे 69 प्रतिशत टोल माफी से बचने के लिए लागत पूरी होने से ठीक पहले मंत्रालय को नया प्रस्ताव भेज देते थे। इसमें सेक्शन पर नया फ्लाईओवर, अंडरपास या कुछ किलोमीटर की अतिरिक्त सर्विस लेन बनाने की मांग की जाती थी। इस नए निर्माण के खर्च को पुरानी लागत में जोड़कर कागजों पर यह दिखा दिया जाता था कि कुल निवेश अभी पूरा नहीं हुआ है। इस हेरफेर के जरिए दशकों से जनता से पूरा 100 फीसदी टोल वसूला जा रहा था, जिसे मंत्रालय की ऑडिट टीम ने पकड़ लिया है। इतना ही नहीं, 60 किलोमीटर की न्यूनतम दूरी वाले नियम को ताक पर रखकर कई जगह पर सब-टोल स्थापित किए गए हैं, जिसके जरिए अवैध वसूली की जा रही है। ऑडिट रिपोर्ट में इन्हें पूरी तरह अवैध पाया गया है और अब इन्हें तुरंत बंद करने की तैयारी है।




**चूहा- सुनती हो, छत्तीसगढ़ को पांच नए मेडीकल कॉलेज मिल गए..!**

**चुहिया- हां जी, कितना भी मेडीकल कॉलेज खोलो गांव में तो कोई डॉक्टर जाता नहीं हैं..!**

# जिले के सरकारी अस्पतालों में है सिर्फ 10 विशेषज्ञ डॉक्टर, गंभीर बीमारियों का इलाज हो रहा प्रभावित

## स्वास्थ्य सुविधाओं का हो रहा विस्तार लेकिन डाक्टरों की कमी से सुविधाओं का क्या औचित्य ?

**आशीष जैन**

**धमतरी 14 जुलाई ( हाईवे चैनल )।** जब गरीब व मध्यम वर्गीय मरीजों को शासकीय अस्पतालों में डाक्टर्स नहीं मिलते तो उन्हें अपनी सेहत सुधारने मजबूरी में निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है। जहां महंगे फीस और महंगी दवाईयों का आर्थिक बोझ गरीब मरीजों को उठाना पड़ता है कई बार डाक्टरों द्वारा महंगे जांच की भी सलाह दी जाती है। जिससे हजारों रुपये इलाज में खर्च हो जाते है। यदि जिला अस्पताल सहित सभी शासकीय अस्पतालों में स्वीकृत पदों के अनुसार विशेषज्ञ डाक्टरों की नियुक्ति हो जाये तो गरीब व मध्यम वर्गीय मरीजों को महंगे उपचार से काफी हद तक राहत मिल पायेगी साथ ही शासकीय अस्पताल से मरीजों को निजी अस्पतालों में रेफर करने की आवश्यकता कम से कम पड़ेगी।

जिले की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था इन दिनों डॉक्टरों की भारी कमी से जूझ रही है। जिले के अस्पतालों में चिकित्सकों के दर्जनों पद लंबे समय से रिक्त होने के कारण मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। अस्पतालों में एक डॉक्टर को कई जिम्मेदारी संभालनी पड़ रही है, जिससे इलाज की गुणवत्ता और स्वास्थ्य सेवाएं दोनों प्रभावित हो रही हैं। इसका सबसे अधिक असर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों पर पड़ रहा है, जिन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों की



**41 डॉक्टर हैं कार्यरत, 48 पद है रिक्त, जल्द डॉक्टरों की भर्ती है अत्यंत आवश्यक, निजी अस्पतालों में महंगे इलाज मजबूर है मरीज**

अनुपलब्धता के कारण या तो घंटों इंतजार करना पड़ता है या फिर बड़े अस्पतालों के लिए रेफर किया जाता है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जिले के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों के 91 स्वीकृत पद हैं, लेकिन इनमें से केवल 41 डॉक्टर ही कार्यरत हैं। यानी लगभग आधे से अधिक पद खाली पड़े हैं। वहीं 48 चिकित्सकों के पद रिक्त होने से स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर असर पड़ रहा है। सबसे चिंताजनक स्थिति धमतरी जिला अस्पताल की है। यहां केवल 16 डॉक्टर कार्यरत हैं, जबकि 14 डॉक्टरों के पद खाली हैं। जिला अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं, लेकिन डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को लंबी कतारों में इंतजार करना पड़ता है। कई बार गंभीर मरीजों को भी विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं मिलने से रायपुर या अन्य बड़े अस्पतालों के लिए रेफर करना पड़ता है।

इसी प्रकार सिविल अस्पताल नगरी में 14 स्वीकृत पदों में केवल 6 चिकित्सक कार्यरत हैं और 8 पद रिक्त हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुजरा में 8 में से केवल 3 डॉक्टर उपलब्ध हैं। कुरूद मे सिर्फ5 डॉक्टर कार्यरत है। मगरलोड मे 9 पद स्वीकृत हैँ 4 डॉक्टर कार्यरत हैँ और भखारा के अस्पताल 7 पद स्वीकृत हैँ 4 डॉक्टर कार्यरत हैँ.कई चिकित्सकीय पद खाली होने से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

डॉक्टरों की कमी का असर केवल ओपीडी तक सीमित नहीं है, बल्कि आपातकालीन सेवाएं, प्रसूति सेवाएं, सर्जरी, बच्चों और बुजुर्गों के उपचार जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं पर भी पड़ रहा है। कई अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों के अभाव में मरीजों को निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग के सामने सबसे बड़ी चुनौती रिक्त पदों को शीघ्र भरने की है। यदि समय रहते डॉक्टरों की नियुक्ति नहीं की गई तो आने वाले समय में मरीजों की परेशानियां और बढ़ सकती हैं।

# पिछले वर्ष से 572 मीट्रिक टन अधिक खाद का वितरण, जिले में खाद-बीज का पर्याप्त भंडारण

## खाद-बीज की निर्बाध उपलब्धता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : कलेक्टर

◆ समय-सीमा बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, एग्रीस्टेक, सीएम हेल्पलाइन, सेवा सेतु और निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा




**धमतरी** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, सीएम हेल्पलाइन, सेवा सेतु, एग्रीस्टेक, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, निर्माण कार्यों तथा विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों का त्वरित, संवेदनशील एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध एवं प्रभावी लाभ पहुंचाना है। मानसून को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने व्यापक पौधारोपण अभियान चलाने पर जोर दिया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त खाद एवं प्रमाणित बीज उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि पिछले खरीफ वर्ष 2025 की तुलना में इस वर्ष खाद वितरण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2025 में जहां 23,712.79 मीट्रिक टन खाद का वितरण हुआ था, वहीं खरीफ वर्ष 2026 में अब तक 24,284.72 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 572 मीट्रिक टन अधिक है। सीएम हेल्पलाइन एवं सेवा सेतु की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि ये दोनों माध्यम शासन और आमजन के बीच विश्वास की मजबूत कड़ी हैं। इनके माध्यम से प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का निराकरण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि नागरिकों की वास्तविक समस्याओं के समाधान की भावना से किया जाना चाहिए। एग्रीस्टेक की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने विकासखंडवार प्रगति की जानकारी लेते हुए अगले दो दिनों के भीतर सभी लंबित आवेदनों का निराकरण पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में सहकारी समितियों के संचालन, चना भुगतान, धान उठाव एवं बैंकिंग सुविधाओं की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जिले में रेत उत्खनन पर प्रतिबंध का कड़ाई से पालन कराने तथा अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण एवं राजस्व की सुरक्षा प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने अधिकारियों को आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं स्वास्थ्य संस्थाओं का नियमित निरीक्षण करने, अकलाडोंगरी स्वास्थ्य केन्द्र का आगामी सप्ताह में निरीक्षण करने, कुरूद, नगरी एवं ट्रामा सेंटर की व्यवस्थाओं की सतत निगरानी रखने तथा सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीएचसी बेलरगांव के प्रस्ताव की भी समीक्षा की गई।

# रोटरी क्लब धमतरी ने अछोटा में किया वृहद वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

◆ वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है- सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी



**धमतरी** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। रोटरी क्लब धमतरी द्वारा रविवार को अछोटा स्थित जायसवाल फार्म में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा उनके संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उनका संरक्षण और संवर्धन भी उतना ही आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि श्रीमती बीणा गुप्ता एवं श्रीमती सरोज जायसवाल ने रोटरी क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रोटरी क्लब धमतरी के अध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा, बचपन में हम सभी ने 'वृक्ष हमारे मित्र हैं' पर निबंध लिखा था। हम जानते थे कि वृक्ष हमें प्राणवायु, फल, छाया और जीवन देते हैं, लेकिन आज प्रकृति हमसे पूछ रही है कि क्या हमने उन बातों को अपने जीवन में उतारा है। कार्यक्रम में क्लब की सचिव जागृति दोशी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर पिंकी खंडेलवाल, सचिन खंडेलवाल, अजय गोयल, पायल गोयल, सलज अग्रवाल, डॉ. सुमित गुप्ता, अमित जायसवाल, पल्लवी जायसवाल, डॉ. विभोर नंदा, डॉ. आस्था नंदा, डॉ. मुरारी वसानी, श्रुति वसानी, डॉ. राजेश मित्तल, डॉ. इकबाल परवेज, डॉ. विवेक तिग्गा, सीए अभिषेक गोयल, सीए श्रवण गोयल, आर. के. साहू, घनश्याम राव मगर, सुधा शर्मा, आशीष गोयल, अजित खंडेलवाल सहित रोटरी क्लब धमतरी के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# जिला जेल धमतरी में निश्चय कार्यक्रम अन्तर्गत दो दिवसीय योग शिविर का आयोजन

**धमतरी** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। जिला जेल धमतरी में बंदियों के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से निश्चय कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला आयुष विभाग, धमतरी के सौजन्य से दो दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुष विभाग के योग प्रशिक्षकों द्वारा बंदियों को सूर्य नमस्कार, विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। साथ ही योग के माध्यम से तनावमुक्त जीवन, मानसिक एकाग्रता, आत्मअनुशासन एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर जेल प्रशासन द्वारा बताया गया कि बंदियों के सुधार एवं पुनर्वास की दिशा में योग एवं प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक संतुलन एवं आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। इसी उद्देश्य से जिला जेल धमतरी में समय-समय पर स्वास्थ्य एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित विभिन्न गतिविधियाँ का आयोजन किया जाता है। समापन पर 352 बंदियों के द्वारा योगभ्यास किया गया। योग शिविर में नरेन्द्र कुमार डहरिया, सहायक जेल अधीक्षक, दानी लाल साहू शिक्षक, लीलाराम साहू फार्मासिस्ट, मदन लाल साहू, मुख्य प्रहरी, निरंजन रात्रे प्रहरी, सत्यनारायण साहू प्रहरी, रिपुसुदन निषाद प्रहरी एवं उमेश कुमार पुरेना प्रहरी एवं अन्य कर्मचारीगण योग में भाग लिया।



# अत्याधिक बिजली बिल की शिकायत लेकर उपभोक्ता व कांग्रेसी पहुंचे कलेक्ट्रेट

**धमतरी** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। सोमवार को नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर की अगुवाई में जिला कार्यालय पहुंचे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं एवं उपभोक्ताओं ने जून माह का अत्यधिक बिजली बिल आने की शिकायत की। उपभोक्ताओं ने कहा कि पूरे गर्मी के सीजन में भी इस प्रकार का बिल नहीं आया है। अत्यधिक बिजली बिल आने से आम लोगों की मुश्किलें काफी बढ़ गई है। अत्यधिक बिजली के बोझ ने परेशानी को और बढ़ा दिया है। उपभोक्ताओं का कहना है कि वे अनाप-शनाप बिजली बिल जजमा करने में असमर्थ है। इसलिये पूर्व माह के अनुार बिजली बिल जारी कर राहत प्रदान किया जाये। मांग को लेकर ज्ञापन सौंपने के दौरान भागवत साहू, राजेश साहू, काशीराम नायक, नरोत्तम देवांगन, शंकर निर्मलकर, श्यामलाल सोनकर, नंदू निषाद, पुन्नी, धन्नूराम साहू, दौलत निषाद, तुलाराम नायक, कामता प्रसाद, राजकुमार निषाद, बाबूलाल ढीमर, उषा पाठक, रामकृष्ण, सुशीला दास मानिकपुरी, झुमुकलाल साहू, शिवकुमार साहू, सुरेन्द्र सोनकर, कृष्णा कुर्रे सहित अन्य लोग पहुंचे थे।



# कुरूद के स्वर्ण सिंह कलसी बने रणजी टीम के नए बॉलिंग कोच



कुरुद 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। कुरूद की ऐतिहासिक खेल संस्था टारनेडो क्रिकेट क्लब के पूर्व खिलाड़ी स्वर्ण सिंह कलसी को आगामी घरेलू सत्र के लिए रणजी ट्रॉफी टीम का बॉलिंग कोच नियुक्त किया गया। स्वर्ण सिंह कलसी का यह सफर संघर्ष, अनुशासन, समर्पण और निरंतर सीखने की मिसाल है। जिस टारनेडो क्लब के मैदान पर उन्होंने गेंदबाजी की बारीकियां सीखीं, आज उसी क्लब का खिलाड़ी राज्य की सर्वोच्च क्रिकेट टीम के गेंदबाजों को दिशा देगा। बताया जाता है कि स्वर्ण सिंह ने अपने शुरुआती दिनों में कुरूद के शासकीय विद्यालय में दो वर्ष अध्ययन किया और यहीं टारनेडो क्रिकेट क्लब से क्रिकेट की शुरुआत की। उनके प्रथम कोच अंतरराष्ट्रीय स्कोरर मनोज तिवारी रहे, जबकि क्लब के मेंटर स्व. विनोद गोस्वामी एवं एसपी नीरज चंद्राकर से उन्होंने खेल की तकनीक, अनुशासन और प्रतिस्पर्धी सोच सीखी। स्वर्ण सिंह कलसी वर्ष 2008 से बीसीसीआई के लेवल-ए सर्टिफाइड कोच हैं। वे विश्व प्रसिद्ध एमआरएफ पेस फाउंडेशन के पूर्व ट्रेनी रहे हैं, जहां उन्होंने भारतीय क्रिकेट के दिग्गज तेज गेंदबाज ज़हीर खान सहित कई राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया। स्वर्ण सिंह कलसी अपने दौर के बेहतरीन दाएं हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज और भरोसेमंद मध्यक्रम बल्लेबाज रहे हैं।

# घड़ी चौक पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का प्रदर्शन, अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी के खिलाफ खोला मोर्चा

अयोध्या में श्रद्धालुओं की अटूट श्रद्धा के पैसे की चोरी पर केंद्र की मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार हैं मौन-तारिणी चंद्राकर



**धमतरी** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष योगेश शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस के आदेश पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर के निर्देशानुसार आज अयोध्या स्थित भव्य श्री राम मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित किए गए चढ़ावे में कथित चोरी और गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमतरी शहर ने स्लोगन लिखे तख्ती लेकर सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर धमतरी के प्रमुख घड़ी चौक पर कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर केंद्र व उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि आस्था के सबसे बड़े केंद्र में हुई इस आर्थिक गड़बड़ी ने देश के करोड़ों रामभक्तों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचाई है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस ने मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में निष्पक्ष न्यायिक जांच (सीबीआई या स्वतंत्र फॉरेंसिक ऑडिट) कराने और राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को तत्काल पुनर्गठित करने की मांग उठाई। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर नें कहा की यह बेहद शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस प्रभु श्री राम के नाम पर भाजपा दशकों से राजनीति कर रही है, आज उन्हीं के मंदिर में चढ़ावे की राशि सुरक्षित नहीं है। अयोध्या में श्रद्धालुओं की अटूट श्रद्धा के पैसे की चोरी हो गई, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश प्रशासन मौन साधे बैठे हैं। यूपी सरकार की एसआईटी सिर्फ निचले स्तर के कर्मचारियों पर कार्रवाई कर जिम्मेदार लोगों को बचाने का प्रयास कर रही है। हमारी मांग है कि जब तक इस पूरे वित्तीय घोटाले की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में निष्पक्ष एजेंसी से नहीं कराई जाती, तब तक कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। भगवान राम किसी राजनीतिक दल के नहीं, बल्कि पूरे देश की आस्था के प्रतीक हैं और उनके चढ़ावे का एक-एक पैसा सार्वजनिक होना चाहिए कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश शर्मा ने किया इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व जिला अध्यक्ष शरद लोहाना, पूर्व दुग्ध महासंघ अध्यक्ष विपिन साहू, संगठन जिला महामंत्री अरविंद दोषी, ब्लॉक अध्यक्ष योगेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सलीम रोकड़िया, नरेश जसूजा, जिला महामंत्री आलोक जाधव, योगेश लाल, आकाश गोलछा, विक्रांत शर्मा, नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उप नेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, जिला सचिव राजेश पांडे, खिलेंद्र साहू, पार्षद सुमन मेश्राम, पूर्णिमा राजक, कन्हैया सोनी, अविनाश मारोठे, रामेश्वरी कोसरे, गीतराम सिन्हा, आशुतोष खरे, पवन वाधवानी, अजय सिन्हा, वातांजलि गोस्वामी, शास्त्री सोनवानी, सोमेश मेश्राम, अंबर चंद्राकर, लोकेश्वरी साहू, राजा जाचक, उदित नारायण साहू, भागी ध्रुव, देवेन्द्र देवांगन, दीपक साहू, मोहन ध्रुव, नवीन गजेंन्द्र, यशवंत पटेल, अभिषेक ठाकुर, चंदन रजक, जितेंद्र साहू, गणेश्वरी कॉमड़े, संजू साहू, हरीश साहू, ज्ञानचंद सिन्हा, सूरज पासवान, ललित राठौर, दिलीप बजाज सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# मनोनीत पार्षदों को निगम सभागार में कलेक्टर मिश्रा ने दिलाई सत्य निष्ठा की शपथ

◆ महापौर रामू रोहरा एवं सभापति कौशल्या देवांगन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक रहे मौजूद

**धमतरी** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। नगर पालिक निगम धमतरी के सभागार में मनोनीत पार्षदों (एल्डरमैन) का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सभी मनोनीत पार्षदों को सत्य निष्ठा की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के दौरान प्रमुख रूप से महापौर रामू रोहरा, सभापति कौशल्या देवांगन, आयुक्त अरुण वर्मा एवं उपायुक्त पीसी सार्वा मौजूद रहे। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने सभी नवनियुक्त एल्डरमैनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर निगम परिवार में उनकी सहभागिता से शहर के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी तथा जनहित से जुड़े निर्णयों में उनके अनुभव और सुझाव महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। शपथ ग्रहण करने वाले मनोनीत पार्षदों में अशोक सिन्हा, प्राची सोनी, रितिका यादव, अरविंदर मुंडी, सीमा चौबे, दिलीप पटेल, विजय सिंह ठाकुर एवं भागवत यादव शामिल थे। सभी ने बारी बारी से सत्य निष्ठा की शपथ ली। महापौर रामू रोहरा, सभापति कौशल्या देवांगन, महापौर परिषद के सदस्य, पार्षदों एवं शुभचिंतकों ने मनोनीत पार्षदों को बधाई दी।

# गंगरेल बांध में रोजगार मेला एवं संवाद कार्यक्रम संपन्न, पर्यटन और स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर जोर

368 प्रतिभागियों की रही सहभागिता, 356 युवाओं का हुआ पंजीयन; इको-टूरिज्म समिति गठन की रूपरेखा पर हुई चर्चा



**धमतरी** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल गंगरेल बांध में रविवार को रोजगार मेला एवं संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गंगरेल, माडमसिल्ली, दुधावा एवं सोंढूर बांध क्षेत्र को पर्यटन, इको-टूरिज्म, रोजगार और स्वरोजगार के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में जनसंवाद स्थापित करना था। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में लगभग 368 प्रतिभागी शामिल हुए, जिनमें से 356 लोगों का पंजीयन किया गया। रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़ी विभिन्न संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा युवाओं को पर्यटन आधारित व्यवसायों से जोड़ने की रणनीति पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डुबान संघर्ष समिति के अध्यक्ष कुंवर सिंह, समाजसेवी श्रीमती हेमलता शर्मा, निखिलेश दीवान, सामाजिक प्रमुख वीरसिंह सोरी, हेमंत हिरवानी, चंदन सिंह दीदी, मोहनी साहू तथा मोहन साहू ने संबोधित किया।

**क्षेत्र के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना उद्देश्य- खूबलाल ध्रुव**

कार्यक्रम के आयोजक एवं जनसेवक खूबलाल ध्रुव ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पर्यटन आधारित विकास मॉडल से स्थानीय युवाओं को स्थायी रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे तथा गंगरेल सहित आसपास के बांध क्षेत्र आर्थिक रूप से अधिक सशक्त बनेंगे।

# आयुक्त व लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष ने किया नगर विकास कार्यों का अवलोकन, जनहित के कार्यों को दी जायेगी गति

समय सीमा और गुणवत्ता पर हो जवाबदेही सुनिश्चित : विजय मोटवानी



**धमतरी** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। नगर निगम के नव पदस्थ आयुक्त अरुण वर्मा पदभार ग्रहण करने के दूसरे दिन ही सुबह से शहर के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर निर्माणाधीन विकास कार्यों सहित बुनियादी सुविधाओं जिसमें सफाई एवं पानी निकासी को विशेष रूप से फोकस करते हुए पूरी टीम के साथ जायजा लेने निकले उनके साथ बालक चौक के पास एक लंबे समय से बरसाती पानी के भराव का दंश झेल रहे आम नागरिकों तथा वार्ड वासियों को सुविधा देने के लिए पुल को तोड़कर मकई तालाब तक पानी पहुंचाने की जो कवायद की जा रही है उसकी वास्तविक स्थिति से अवगत होते हुए शीघ्रता से इस कार्य को पूर्णता प्रदान करने की बात कही है, गौरतलब है नगर निगम के लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष विजय मोटवानी निरंतर शहर के 40 वार्ड में सेवा कार्य को आगे बढ़ाने के लिए महापौर रामू रोहरा के नेतृत्व में कार्य कर रहे हैं जिसका ही परिणाम है कि करोड़ों के राशि से आगामी समय में बड़े-बड़े कार्य नगर की विकास की बुनियाद रखेगी। जिस पर श्री मोटवानी ने कहा है कि निगम के माध्यम से आम जनमानस का विश्वास जीतने के लिए हम सबको सामूहिक रूप से विकास कार्यों में निर्धारित समय का पालन करते हुए गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने हेतु ईमानदारी के साथ कार्य को सुनिश्चित करना अति आवश्यक है। विकास कार्यों का निरीक्षण के समय नगर निगम के उप आयुक्त पीसी सार्वा अभियंता महेंद्र जगत, स्वच्छता प्रभारी शशांक मिश्रा, सब इंजीनियर लोमश देवांगन, कमलेश ठाकुर, नमिता नागवंशी सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहे।

# चार्ज लेते ही सक्रिय हुए नये निगम आयुक्त कर रहे शहर का दौरा, मांगो व समस्याओं से हो रहे रुबरु

◆ अरुण कुमार वर्मा ने लिया नगर निगम आयुक्त का चार्ज, कार्यभार संभालते ही विकास, मूलभूत सुविधाओं और जनहित को बताया सर्वोच्च प्राथमिकता

◆ जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण होगी प्राथमिकता, विकास को देंगे नई गति- अरुण कुमार वर्मा



**धमतरी** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। नगर निगम धमतरी के नवनियुक्त आयुक्त अरुण वर्मा ने सोमवार को विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। नगर निगम आयुक्त के रूप में यह उनकी पहली पदस्थापना है। कार्यभार संभालने के बाद आयुक्त सक्रिय हो गये है। नये निगम आयुक्त शहर का दौरा कर रहे है। मांगो व समस्याओं से रुबरु हो रहे है। साथ ही शहर की भौगोलिक स्थिति से भी अवगत हो रहे है। ताकि शहर के विकास में बेहतर योगदान दे सकें। एवं शहरवासियों की मांगो व समस्याओं के निराकरण में देरी न हो।

आयुक्त अरुण वर्मा ने हाईवे चैनल से चर्चा करते हुए स्पष्ट किया कि नगर निगम का उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान करना और शहर के समग्र विकास को गति देना है। हाईवे चैनल से विशेष चर्चा में आयुक्त अरुण वर्मा ने कहा कि नगर निगम जनता के लिए होता है और आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उसकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शहर के विकास कार्यों में तेजी लाई जाएगी तथा पेयजल, स्वच्छता, सड़क, प्रकाश व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निगम पूरी गंभीरता से कार्य करेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आम जनता को राहत देने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि वे एक सकारात्मक सोच और स्पष्ट विजन के साथ नगर निगम की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। उनका प्रयास रहेगा कि जनप्रतिनिधियों, निगम अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर शहर के विकास को नई दिशा दी जाए। उन्होंने कहा कि धमतरी के लोग सहयोगी और जागरूक हैं तथा सभी के सहयोग से नगर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जाएगा। नवनियुक्त आयुक्त ने यह भी कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण उनकी प्राथमिकता होगी। विकास कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी और योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा ताकि शहरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाओं का लाभ मिल सके।

# झलमला के बाद अब दमऊवा तालाब का अस्तित्व भी खतरे में, सतह पर दिख रही हरे रंग की मोटी परत



**रायपुर/आरंग, 14 जुलाई (हाईवे चैनल)।** नगर के ऐतिहासिक और जन-उपयोगिता वाले जलस्त्रोतों पर प्रदूषण का ग्रहण लगातार गहराता जा रहा है। आरंग का सबसे बड़ा झलमला तालाब पहले ही निस्तारी (घरेलू उपयोग) के लायक नहीं रह गया था, जिसके बाद नगरवासी निस्तारी के लिए दमऊवा तालाब पर निर्भर थे। लेकिन अब दमऊवा तालाब का भी अस्तित्व गंभीर खतरे में नजर आ रहा है, जिससे पूरे नगर में आक्रोश और चिंता का माहौल है। तालाब के किनारों पर हरे और मटमैले रंग के रसायनों की मोटी परत तैरती हुई साफ देखी जा सकती है। पानी पूरी तरह से दूषित हो चुका है, और किनारे पर कचरे का अंबार लगा हुआ है। एक बोतल में भरे गए तालाब के पानी का सैंपल साफ तौर पर गाढ़े हरे रंग के केमिकल युक्त पानी को दर्शाता है, जो इसके पूरी तरह से अनुपयोगी होने की गवाही दे रहा है। धीरे-धीरे पानी के दूषित होने से नगरवासियों की चिंता चरम पर पहुंच गई है। लोगों का कहना है कि अगर यह तालाब भी प्रदूषित हो गया, तो आरंग में निस्तारी के लिए पानी का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा।

दमऊवा तालाब में अचानक फैले इस प्रदूषण को लेकर स्थानीय नागरिकों ने गहरी नाराजगी व्यक्त की है। आम जनता के बीच यह आशंका तेजी से फैल रही है कि मछली उत्पादन को कृत्रिम रूप से बढ़ाने के लिए तालाब में हानिकारक रसायनिक तत्व या रसायनिक खाद डाली गई है। इस वजह से तालाब का साफ पानी जहर में तब्दील हो रहा है। तालाब के पानी में केमिकल दिखने और जनता के बढ़ते विरोध के बाद प्रशासनिक अमला हरकत में आया। शिकायत मिलते ही आरंग नगर पालिका के ष्टरूह्र राम संजीवन सोनवानी और इंजीनियर केशनाथ साहू जांच के लिए मौके पर पहुंचे। साथ ही वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद उमाकांत यादव, 3 के पार्षद नरेंद्र लोधी और वार्ड 10 के पार्षद संतोष लोधी भी ग्राउंड जीरो पर मुस्तैद रहे और उन्होंने अधिकारियों से त्वरित कार्रवाई की मांग की। सीएमओ राम संजीवन सोनवानी ने मामले में कहा कि तालाब के पानी में मिले संदेहास्पद रसायनिक तत्वों के सैंपल ले लिए गए हैं। इस सैंपल को जल्द ही जांच के लिए लैब भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

दूसरी तरफ, इस मामले में मछली पालन करने वाली स्थानीय समिति के अध्यक्ष ने अपने ऊपर लगे आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि यदि जांच में यह सिद्ध हो जाता है कि तालाब में हमारे द्वारा कोई रसायनिक तत्व या खाद डाली गई है, तो हम इस तालाब में दोबारा कभी मछली पालन नहीं करेंगे। आरंग के नागरिकों का कहना है कि प्रशासन केवल जांच का आश्वासन न दे, बल्कि जलस्त्रोतों को प्रदूषित होने से बचाने के लिए कड़े कदम उठाए। झलमला तालाब के बर्बाद होने के बाद दमऊवा तालाब ही लोगों का एकमात्र सहारा था। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आरंग के लोगों को भारी जल संकट का सामना करना पड़ेगा। अब सभी की निगाहें लैब टेस्ट की रिपोर्ट और प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

# खरीफ फसलों की बीमा 31 जुलाई तक

**रायपुर, 14 जुलाई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ में खरीफ मौसम 2026 के दौरान किसानों को प्राकृतिक आपदाओं और मौसम की अनिश्चितता से बचाने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पंजीयन की प्रक्रिया 12 जुलाई 2026 से शुरू हो चुकी है। राज्य के कृषि विभाग ने सभी पात्र किसानों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 का इंतजार किए बिना समय पर अपनी फसलों का बीमा करा लें।

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पंजीयन शुरू, धान, मक्का और सोयाबीन सहित 11 फसलें शामिल**

मौसम विभाग के अनुसार, इस साल (एल नीनो) के प्रभाव के कारण प्रदेश में अनियमित या कम बारिश की संभावना बनी हुई है। ऐसी स्थिति में संभावित नुकसान से बचने के लिए फसल बीमा किसानों के लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच साबित होगा। योजना के तहत राज्य के किसान निम्नलिखित फसलों का बीमा करा सकते हैं। धान (सिंचित एवं असिंचित), मक्का और सोयाबीन, दलहन व तिलहन में अरहर, मूंगफली, मूंग, उड़द, मोटे अनाज (मिलेट्स) में कोदो, कुटकी और रागी जैसी फसलों को अधिसूचित फसलों का बीमा करा सकते हैं। किसान अपने गांव में अधिसूचित फसल की सटीक जानकारी के लिए अपने क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। राज्य सरकार ने किसानों के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए इस बीमा योजना में चार प्रमुख चरणों के जोखिमों को शामिल किया है। बाधित बोनी (बुआई न हो पाना), रोपण में विफलता, स्थानीयकृत आपदाएं (ओलावृष्टि, जलभराव आदि) और फसल कटाई के बाद होने वाला नुकसान (उपज के आधार पर क्षति) पर मुआवजा मिल सकेगा।

# भाठागांव में अवैध रूप से निर्मित 4 दुकानों को तोड़ने की कार्रवाई की

**रायपुर, 14 जुलाई।** नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 6 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा नगर निगम जोन 6 क्षेत्र में डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड क्रमांक 61 के क्षेत्र के अंतर्गत भर्री खार भाठागांव में अवैध रूप से लगभग 1200 वर्गफीट क्षेत्र में निर्मित 4 अवैध दुकानो को जेसीबी मशीन की सहायता से नगर निगम आयुक्त श्री संबित मिश्रा के निर्देश पर जोन 6 जोन कमिश्नर श्री हितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन एव स्थल पर कार्यपालन अभियंता श्री दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता श्री आशीष श्रीवास्तव, उपअभियंता श्री सागर ठाकुर की उपस्थिति में तोडने की कार्यवाही सम्बंधित निर्माणकर्ता श्री दुर्गेश सोनकर को नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत नोटिस देने के उपरांत की गई। सम्बंधित निर्माणकर्ता द्वारा जोन 6 जोन कमिश्नर को अपना अवैध निर्माण स्वतः अपने व्यय से तोड़ने की अनुमति देने आवेदन किया है।



# हज कमेटी अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को पेश किया ज़म ज़म और ख़ज़ूरें

## हजयात्रा के संपन्न होने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से की मिर्जा एजाज़ बेग ने सौजन्य भेंट

**रायपुर, 14 जुलाई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के माध्यम से हज 2026 के तहत हजयात्रा पर गए सभी हज यात्रियों की सकुशल वापसी और हजयात्रा के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर यहां मुख्यमंत्री निवास में छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मिर्जा एजाज़ बेग ने प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय जी से सौजन्य भेंट कर हजयात्रा का तबर्रुक (प्रसाद) पवित्र जल आब-ए-ज़म ज़म एवं ख़ज़ूरें प्रदान किया। इस अवसर पर श्री बेग ने हज 2026 हेतु प्रदेश के हज यात्रियों के लिए की गई समुचित व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. श्याम बिहारी जायसवाल जी का आभार व्यक्त किया। श्री बेग ने माननीय मुख्यमंत्री जी को बताया कि हजयात्रा के दौरान प्रदेश के हज यात्रियों द्वारा देश एवं प्रदेश की तरक्की और खुशहाली के लिए भी विशेष रूप से दुआएं की गई । उन्होंने बताया कि संपूर्ण हजयात्रा में राज्य के किसी भी हजयात्री को कोई परेशानी नहीं हुई। किसी प्रकार की अप्रिय घटना, दुर्घटना की भी कोई ख़बर नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि अन्य वर्षों की तुलना में इस वर्ष सर्वाधिक 813 हज यात्रियों ने पवित्र हज की इबादत का सौभाग्य प्राप्त किया। श्री बेग ने आगामी वर्ष हज 2027की तैयारी की विस्तार पूर्वक जानकारी दी । उन्होंने बताया कि हज 2027 के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की प्रक्रिया इन दिनों जारी है । छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी कार्यालय रायपुर में भी ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए ई-सुविधा केंद्र प्रारंभ किया गया है। हजयात्रा पर जाने के इच्छुक लोग यहां पहुंच कर हज फॉर्म भर रहे हैं।



# बढ़ती साइबर ठगी रोकने सरकार उठाए ठोस कदम : इदरीस गांधी

**रायपुर, 14 जुलाई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीस गांधी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डिजिटल अरेस्ट, फर्जी निवेश, यूपीआई फ्रॉड, ओटीपी, फर्जी लिंक और सोशल मीडिया के जरिए साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। साइबर अपराधी हर दिन नए-नए हथकंडे अपनाकर आम लोगों की गाढ़ी कमाई लूट रहे हैं, जबकि जागरूकता के अभाव में लोग आसानी से उनका शिकार बन रहे हैं। यह स्थिति गंभीर चिंता का विषय है और इससे निपटने के लिए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। इदरीस गांधी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं गृह विभाग से आग्रह किया कि प्रदेशभर में शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर साइबर सुरक्षा संबंधी राज्यव्यापी जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। साथ ही डिजिटल एवं सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जा रहे नए तरीकों तथा उनसे बचाव के उपायों की नियमित जानकारी उपलब्ध कराई जाए। इदरीस गांधी ने कहा कि साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण केवल कानूनी कार्रवाई से संभव नहीं है। इसके लिए समय-समय पर लोगों को जागरूक करना और साइबर सुरक्षा के प्रति सचेत करना आवश्यक है, ताकि साइबर ठगी की घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सके।



# ई-20 पेट्रोल देश की जनता के लिए मुसीबत बना : दीपक बैज

**रायपुर, 14 जुलाई।** एथेनाल मिश्रित पेट्रोल (ई-20) के कारण जनता परेशान हो रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि ई-20 पेट्रोल देश की जनता के लिए मुसीबत बना। मोदी सरकार ने नफा नुकसान का वैज्ञानिक परीक्षण किये बिना पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनाल मिला कर पेट्रोल बेचना शुरू कर दिया है जिसके कारण लोगों के वाहन खराब हो रहे है। ई-20 पेट्रोल के कारण लोगों की गाड़ियां न सिर्फ खराब हो रही है इस एथेनाल वाले पेट्रोल के कारण वाहनों की माईलेज भी आधा हो गया है। मोदी सरकार ने अपने एक मंत्री की जिद और उनके पुत्रों के व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए पूरे देश को संकट में डाल दिया है। ई-20 पेट्रोल आम पेट्रोल की अपेक्षा शुरू नहीं है इसीलिए माईलेज में कमी आ रही है तथा गाड़ियों के इंजन भी खराब हो रहे है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि विशेषज्ञों का कहना है ई-20 पेट्रोल के कारण एथेनाल हवा से नमी को जल्दी सोख लेता है। पुराने वाहनों में लगे मेटल (लोहे) के फ्यूल टैंक और फ्यूल पंप में इस नमी के कारण अंदर ही अंदर जंग लगने की संभावना बढ़ जाती है, जो इंजन में जाकर उसे नुकसान पहुंचा सकता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि एथेनाल एक बेहतरीन (घुलनशील) की तरह काम करता है। अप्रैल 2023 से पहले बनी (या केवल ई-10 के लिए डिजाइन की गई) गाड़ियों के रबर सील, गैस्केट, प्लास्टिक और फ्यूल पाइप एथेनाल के संपर्क में आने से कमजोर होकर टूटने या रिसने लगते है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि लंबे समय तक ई-10 या उससे कम क्षमता के लिए बनी गाड़ियों में सीधे ई-20 ईंधन डालने से फ्यूल इंजेक्टर जाम हो सकते है और महंगे पुर्जे खराब हो सकते है, जिससे भारी मेंटेनेंस खर्च उठाना पड़ सकता है।

# दिव्यांश फाउंडेशन ने किया नि:शुल्क बैग वितरण




**रायपुर, 14 जुलाई।** दिव्यांश फाउंडेशन द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला रायपुरा के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत किया गया । जिसमें लगभग पूरे विद्यालय के बच्चों को नि-शुल्क बैग वितरण किया गया। जिससे अन्य बच्चों को आगे बढने का उत्साह बढ़े और बच्चे अच्छे से मेहनत करे । भविष्य में तरक्की कर अपने विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन करें। सर्व शिक्षा अभियान सब-पढ़े सब-बढ़े के उद्देश्य से विद्यालय प्रवेश महोत्सव का आयोजन दिनांक 13 जुलाई को किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन अग्रसेन आयरन एंड स्टील प्रा. लि. सीएसआर के माध्यम से किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष राय, पवन यदु, मुकेश साहू, प्रणव वर्मा और लाखन जायसवाल का विशेष सहयोग रहा।

# अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग हेतु संचालित लघु वाटर फिल्टर प्लांट को निगम ने किया सीलबंद

**रायपुर, 14 जुलाई।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देष पर नगर निगम जोन 5 नगर निवेष विभाग की टीम ने जोन 5 कमिष्नर खीरसागर नायक के मार्गदर्षन एवं कार्यपालन अभियंता लाल महेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक अभियंता नागेष्वर रामटेके, उपअभियंता नगर निवेष टिकेन्द्र चंद्राकर की उपस्थिति में नगर निगम जोन 5 क्षेत्र अंतर्गत भाठागांव आवासीय कालोनी में आवासीय भवन का अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग करते हुए संचालित लघु वाटर फिल्टर प्लांट के संबंध में प्राप्त जनषिकायत पर स्थल निरीक्षण उपरांत पूर्व में संबंधित संचालक दिनेष वधानी को नोटिस जारी कर निर्धारित अवधि में व्यावसायिक गतिविधि बंद करने के निर्देष दिये गये थे।



किंतु नोटिस की शर्तो का पालन ना किये जाने एवं आवासीय भवन में अवैध व्यावसायिक गतिविधि का संचालन पाये जाने पर नगर निगम जोन 5 नगर निवेष विभाग द्वारा संबंधित स्थल पर पहुंचकर लघु वाटर फिल्टर प्लांट को तत्काल सीलबंद करने की कडी नियमानुकुल कार्यवाही की गई। नगर निगम जोन 5 नगर निवेष विभाग द्वारा सीलबंदी की कार्यवाही छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 एवं प्रचलित नियमों के अंतर्गत की गई। भविष्य में बिना सक्षम अनुमति से सील हटाकर व्यावसायिक गतिविधि संचालित किये जाने पर प्रकरण में नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# हिस्ट्रीशीटर वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की 4 वाहन बरामद

**रायपुर, 14 जुलाई (हाईवे चैनल)।** दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं के मद्देनजर पुलिस उपायुक्त (क्राइम एवं साइबर) स्मृतिक राजनाला द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों एवं प्रभारी को वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर उनकी शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस उद्देश्य से प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साइबर यूनिट के नेतृत्व में एण्टी क्राईम एण्ड साइबर यूनिट की एक विशेष टीम का गठन किया गया है। जिस पर विशेष टीम द्वारा वाहन चोरी के घटना स्थल एवं उनके आसपास लगे सी.सी.टी.वी. कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, साथ ही मुखबीर को सक्रिय किया गया है। इसके अतिरिक्त, नियमित पेट्रोलिंग, तकनीकी विश्लेषण एवं अन्य सूचना-संग्रह माध्यमों के जरिए भी आवश्यक जानकारियाँ एकत्र करने के साथ ही अधिकतम दोपहिया वाहन चोरी होने वाले स्थानों को भी चिन्हांकित कर अज्ञात वाहन चोरों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी तारतम्य में विशेष टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना खरोरा का हिस्ट्रीशीटर अभिषेक राय उर्फ जीतू, जो वाहन चोरी एवं चोरी के एक दर्जन से अधिक प्रकरणों में संलिप्त रहा है, लगातार दोपहिया वाहनों को बदल-बदलकर उपयोग कर रहा है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में गठित विशेष टीम द्वारा आरोपी की सतत पतासाजी की गई। इसी दौरान आरोपी को विधानसभा क्षेत्र में टीवीएस ड्रिम योगा मोटरसाइकिल क्रमांक सी जी 04 एम आर 2024 के साथ घेराबंदी कर पकड़ा गया। टीम द्वारा वाहन के संबंध में पूछताछ किए जाने तथा वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहने पर आरोपी गोलमोल जवाब देकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करने लगा। संदेह के आधार पर साक्ष्यों के अनुरूप कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने स्वीकार किया कि उक्त मोटरसाइकिल को उसने अपने भाई के साथ मिलकर थाना पंडरी क्षेत्र स्थित बालाजी अस्पताल की पार्किंग से चोरी किया था। पूछताछ में आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि वह अपने भाई के साथ अपनी पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एनटी 7546 से विभिन्न क्षेत्रों में घूमकर दोपहिया वाहनों की रेकी करता था तथा विधानसभा क्षेत्र सहित अन्य स्थानों से 02 अन्य दोपहिया वाहन भी चोरी किए थे। आरोपी चोरी की दोपहिया वाहनों की पहचान छिपाने हेतु वाहनों का नंबर प्लेट चेंज कर देते थे।



आरोपी अभिषेक राय उर्फ जीतू को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर चोरी की 03 दोपहिया वाहन तथा घटना में प्रयुक्त 01 दोपहिया वाहन सहित कुल 04 वाहन कीमती लगभग 2,00,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। गिरफ्तार आरोपी अभिषेक राय उर्फ जीतू थाना खरोरा का हिस्ट्रीशीटर है। उसके विरुद्ध थाना खरोरा, विधानसभा सहित विभिन्न थानों में वाहन चोरी एवं चोरी के 15 से अधिक अपराध पूर्व से पंजीबद्ध हैं। इसके अतिरिक्त आरोपी जिला दुर्ग के थाना अण्डा में दर्ज बैंक डकैती के एक प्रकरण में भी जेल निरुद्ध रह चुका है। प्रकरण में आरोपी का भाई भी संलिप्त है, जो वर्तमान में फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार पतासाजी की जा रही है तथा उसे शीघ्र गिरफ्तार करने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# सोसायटियों में पर्याप्त उर्वरक नहीं, कृत्रिम संकट से नकली अमानक, गुणवत्ताहीन खाद बिक रहे हैं : कांग्रेस

**रायपुर, 14 जुलाई।** खाद की समस्या, वितरण को लेकर बदइंतजामी और अमानक, गुणवत्ताहीन नकली उर्वरक के रैकेड को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि सरकार जानबूझकर किसानों की आवश्यकता के अनुसार खाद उपलब्ध नहीं कर रही है जिसके कारण ही किसान नकली और अमानत खाद लेने मजबूर है। गृह मंत्री के गृह क्षेत्र कवर्धा में किसानों के साथ धोखा उजागर हुआ है, किसानों को बेचे गए पोटास की बोरी में 60 प्रतिशत पोटाश लिखा है, जबकि लैब में परीक्षण के परिणाम मे पोटाश की मात्रा है ही नहीं, यह पहली घटना नहीं है पूरे प्रदेश में नकली और अमानत खाद बड़े पैमाने में खपाए जा रहे है।

प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि किसान विरोधी सरकार की बदइंतजामी के चलते प्रदेश के सहकारी समितियों में डीएपी और यूरिया की किल्लत से खरीफ फसलों की बुआई पिछड़ गई है। धान की बुआई के समय किसानों को डीएपी की सख्त जरूरत होती है, लेकिन अधिकांश प्राथमिक कृषि साख समितियों और सहकारी संस्थाओं में इसका भारी अभाव है। किसानों को डीएपी के स्थान पर एनपीके जैसे वैकल्पिक खाद लेने की सलाह दी जा रही है, जो समय पर उपलब्ध नहीं है, कीमत और प्रभाव में भी अंतर है। नैनो डीएपी की गुणवत्ता और असर पर किसानों को भरोसा नहीं है, अमानक, गुणवत्ताहीन, नकली खाद बीज की शिकायतें भी आम हो चुकी है। सरकार की दुर्भावना के चलते ही प्रदेश में उर्वरक का संकट विकराल रूप ले चुका है। सरकार बताये बिना उर्वरक के खेती कैसे करें किसान। प्रदेश में उर्वरक के लिये मारा-मारी शुरू हो गयी है। किसानों को सोसायटी में खाद नहीं मिल रहा है। किसान बार-बार सरकार के मंत्रियों, विधायकों, सांसदों से उर्वरक के बारे में गुहार लगा रहे, लेकिन सरकार केवल जुबानी आश्वासन दे रही है। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि आज भी प्रदेश के आधे से कम सोसायटियों में ही खाद पहुंच पाया है।

सम्पादकीय

# बिजली मरम्मत के सारे सुरक्षात्मक उपायों को अनिवार्य किया जाए

इन दिनों बरसात का समय है और बिजली की समस्या सबसे ज्यादा बरसात में ही खड़ी होती है । बिजली मेंटनेंस करने वाले कर्मचारियों के लिए बरसात बहुत कठिन समय होता है जब दिन रात किसी भी समय उन्हें बिजली सुधार के लिए जूझना पड़ता है । कभी भी आंधी तूफान बारिश से बिजली की समस्या खड़ी हो जाती है और बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने बिना घड़ी देखे सड़कों पर निकलना पड़ता है । ऐसे समय में बिजली दुरुस्त करने वाले कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर जनसेवा में लगे रहते हैं ताकि जल्दी दुरुस्त करके बिजली बहाल की जा सके । लेकिन यह देखा गया है बिजली विभाग द्वारा बिजली सुधार करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए कोई गंभीर नहीं रहते । इन दुरुस्त करने वाले कर्मचारी बिना किसी सुरक्षा कवच पहने बिजली की मरम्मत जनता के लिए करते हैं । बिना सुरक्षा कवच के बिजली का काम करना खतरे से भरा होता है । बिजली के खम्भों पर चढ़कर हाई और लो टेंशन लाइनों की मरम्मत करने वाले कई कर्मचारी बिना सुरक्षा उपकरण के काम करते हुए मिल जाएंगे । बिना सुरक्षा कवच के काम करना उनकी मजबूरी हो सकती है पर यह बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही होगी जो बिना सुरक्षा कवच के काम करवा रहे होते हैं। ऐसे कई घटनाएं हो चुकी हैं जिसमें कर्मचारी की मौत हो गई है । बिजली सुधार करते समय सेफ्टी हेलमेट , इंसुलेटेड ग्लव्स, सेफ्टी बेल्ट, फ्लेम रेसिस्टेंस जैकेट और अन्य सुरक्षात्मक चीजें उन्हें उपलब्ध कराई जानी चाहिए ताकि उनकी जान न जा पाए । ये सब विद्युत विभाग की जवाबदारी बनती है । इसे कभी भी नजरअंदाज नही करना चाहिए पता नहीं कब किस प्रकार की संकट कर्मी पर आ पड़े । बिजली लाइन की मरम्मत सबसे खतरों से भरा होता है। यह जोखिमपूर्ण कार्यों में शामिल है इसे गंभीरता से ही लिया जाए । मरम्मत करते समय खम्भे से गिर सकता है, कभी लाइन पूरी तरह से शटडाउन न हो, कभी अर्थिंग प्रक्रिया में चूक रह गई हो, कभी किसी तकनीकी चूक से सप्लाई चालू हो जाए तो कर्मचारी की जान जा सकती है । इन खतरों को भांपते हुए पूरे सुरक्षात्मक उपायों को अनिवार्य रूप से लागू करना ही बुद्धिमानी होगी ।

# लंबित करों का तत्काल भुगतान करें, अन्यथा नाम होंगे सार्वजनिक एवं न्यायालयीन कार्रवाई की जाएगी: सीएमओ



**महासमुंद,** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा ने नगर पालिका क्षेत्र के समस्त नागरिकों, व्यापारियों, प्रतिष्ठान संचालकों एवं संपत्ति स्वामियों से अपील की है कि वे अपने लंबित संपत्ति कर, जलकर, समेकित कर, बाजार किराया, यूजर चार्ज एवं अन्य समस्त देयों का तत्काल भुगतान करें। उन्होंने कहा कि नगर पालिका को वर्तमान में लाखों रुपये की कर एवं शुल्क राशि प्राप्त होना शेष है, जिसके कारण विकास कार्यों एवं नागरिक सुविधाओं के संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। श्री शर्मा ने बताया कि विगत वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध लगभग 36 प्रतिशत ही राजस्व वसूली हो सकी थी, जो अत्यंत निराशाजनक रही।

लक्ष्य के अनुरूप राजस्व प्राप्त नहीं होने से नगर पालिका की वित्तीय व्यवस्था प्रभावित हुई तथा विकास कार्यों के संचालन में कठिनाइयाँ आईं। इसी कारण इस वर्ष राजस्व वसूली को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा राजस्व वसूली कार्य की नियमित समीक्षा की जा रही है। जो अधिकारी एवं कर्मचारी लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली करने में असफल रहे अथवा जिनका कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया, उन्हें राजस्व वसूली के कार्य से हटा दिया गया है तथा उनकी जिम्मेदारी अन्य सक्षम कर्मचारियों को सौंपी गई है। आगे भी कार्य के आधार पर ही जिम्मेदारियाँ निर्धारित की जाएंगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि नगर पालिका द्वारा प्रत्येक वार्ड में विशेष राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है। राजस्व अमला घर.घर जाकर करदाताओं से संपर्क कर रहा है तथा उन्हें बकाया कर जमा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके बावजूद जो करदाता बार.बार सूचना एवं अवसर दिए जाने के बाद भी अपना बकाया जमा नहीं करेंगे, उनके नाम नियमानुसार सार्वजनिक किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर पालिका अपने राजस्व की सुरक्षा के लिए आवश्यक होने पर सक्षम न्यायालय की शरण लेगी तथा छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम एवं अन्य लागू विधिक प्रावधानों के अंतर्गत उपलब्ध सभी वैधानिक कार्रवाई करेगी। न्यायालयीन प्रक्रिया, ब्याज एवं अन्य व्यय का उत्तरदायित्व संबंधित बकायादार का होगा। सौरभ शर्मा ने कहा कि समय पर कर जमा करने वाले नागरिकों के हितों की रक्षा करना भी नगर पालिका की जिम्मेदारी है। नगर का विकास उन्हीं नागरिकों के सहयोग से संभव है जो अपने वैधानिक दायित्वों का समय पर निर्वहन करते हैं। इसलिए सभी बकायादारों को अंतिम अवसर दिया जा रहा है कि वे बिना किसी विलंब के अपना लंबित कर जमा करें और अनावश्यक कानूनी कार्रवाई से बचें।

# किसानों की समस्याओं से सरकार को कोई चिंता नही:मानिक



**महासमुंद,** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मानिक साहू ने प्रदेश के किसानों की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि खरीफ सीजन के महत्वपूर्ण समय में किसान सबसे अधिक परेशान हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के बजाय केवल दावे और प्रचार में व्यस्त है। खेतों में बुवाई का समय चल रहा है, फिर भी अनेक सहकारी समितियों में किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी, यूरिया एवं अन्य आवश्यक उर्वरक नहीं मिल रहे हैं। कई किसान सुबह से शाम तक समितियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। मानिक साहू ने कहा कि महासमुंद सहित पूरे प्रदेश में किसान समय पर खाद, बीज, सिंचाई और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात करती है, लेकिन वास्तविकता यह है कि किसान अपनी खेती बचाने के लिए भी संघर्ष कर रहा है। यदि समय पर खाद और बीज उपलब्ध नहीं होगा तो उत्पादन प्रभावित होगा और इसका सीधा नुकसान किसानों को उठाना पड़ेगा।

# साय सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के कारण पनप रहा असंतोष: आलोक



**महासमुंद,** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। भाजपा की साय सरकार सत्ता में आते ही कर्मचारियों के साथ विश्वासघात पर उतर आई है। चुनाव से पहले बड़े.बड़े वादे करने वाली भाजपा आज सत्ता मिलते ही छत्तीसगढ़ के लाखों कर्मचारियों, शिक्षकों और संविदा साथियों की अनदेखी कर रही है। सरकार की इस कर्मचारी विरोधी नीतियो की जितनी भी निंदा की जाये कम है । उक्त वक्तव्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष व कांग्रेस के प्रदेश संयुक्त महामंत्री आलोक चंद्राकर ने व्यक्त की। श्री चंद्राकर ने कहा कि लगातार छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार ज्ञापन, आंदोलन कर रहे हैं। जिससे शासकीय कार्य भी बाधित होते हैं। कर्मचारियों को समय पर महंगाई भत्ते का लाभ नहीं मिल रहा है।

मध्य प्रदेश की तर्ज पर 300 दिन के अर्जित अवकाश के नकदीकरण की मांग लगातार की जा रही है। लेकिन सरकार इस पर कोई निर्णय नहीं ले रही। चार स्तरीय समयमान वेतनमान लागू करने और विभिन्न विभागों में व्याप्त वेतन विसंगतियों को दूर करने की फाइलें आज भी सचिवालय में धूल फांक रही हैं। दूसरी ओर सीएसपीडीएल और एनएचएम सहित विभिन्न विभागों में कार्यरत हजारों संविदा कर्मचारी सालों से प्रदेश की सेवा कर रहे हैं। उन्हें न नियमित किया जा रहा है और न ही समान काम के लिए समान वेतन दिया जा रहा है। आउटसोर्सिंग कंपनियों के माध्यम से उनका शोषण किया जा रहा है और साय सरकार आंख बंद करके बैठी है। उन्होंने कहा कि 2018 से 2023 तक भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने कर्मचारियों के सम्मान और हितों के लिए अभूतपूर्व काम किए। भूपेश सरकार ने कर्मचारियों को नियमित अंतराल पर महंगाई भत्ता दिया और एरियर्स का भुगतान कर आर्थिक संबल प्रदान किया। गृह भाड़ा भत्ते में बढ़ोतरी की गई और समयमान वेतनमान की विसंगतियों को दूर करने के लिए गंभीर प्रयास किए गए। संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए ठोस नीति बनाई गई और हजारों पंचायत सचिव, शिक्षक, स्वास्थ्य कर्मी और अन्य साथियों को नियमित कर उन्हें सामाजिक सुरक्षा दी गई। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में भी कर्मचारियों का वेतन समय पर दिया गया और किसी भी कर्मचारी को नौकरी से नहीं हटाया गया। भूपेश सरकार ने कर्मचारियों को अपना परिवार माना और उनके हितों को सर्वोपरि रखा। लेकिन भाजपा की साय सरकार ने आते ही सब कुछ पलट दिया।

# रथयात्रा से पहले प्लेसमेंट एवं नियमित कर्मचारियों को मिलेगा वेतन: नपाध्यक्ष



**महासमुंद,** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निरंतर प्रयासों और शासन स्तर पर लगातार किए गए प्रभावी समन्वय का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। अध्यक्ष की पहल पर शासन ने नगर पालिका के प्लेसमेंट एवं नियमित कर्मचारियों के वेतन भुगतान हेतु एक करोड़ से अधिक की राशि जारी कर दी है। इससे रथ यात्रा के पावन अवसर से पूर्व कर्मचारियों के खातों में वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जा सकेगा।


नगर पालिका अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि कर्मचारियों के हितों की रक्षा करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। कर्मचारियों को समय पर वेतन उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने लगातार शासन के समक्ष विषय को प्रमुखता से उठाया। संबंधित अधिकारियों से नियमित संपर्क बनाए रखा तथा शीघ्र राशि जारी कराने के लिए निरंतर प्रयास किए। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप शासन द्वारा राशि स्वीकृत एवं जारी की गई। अध्यक्ष ने कहा कि रथ यात्रा जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व से पहले वेतन मिलने से कर्मचारियों और उनके परिवारों को आर्थिक राहत मिलेगी तथा वे पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ पर्व मना सकेंगे। उन्होंने शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर पालिका कर्मचारियों के हितों से जुड़े प्रत्येक विषय पर वे आगे भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते रहेंगे।

# एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन का गठन

**महासमुंद,** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। एमेच्योर कब्बडी एसोसिशन महासमुंद जिला इकाई की प्रथम कार्यकारणी बैठक12 जुलाई को सरस्वती शिशु मंदिर महासमुंद के शभागार मे वरिष्ठ कबड्डी खिलाडी एवं सदस्य गुलाब चंद चंद्राकर की अध्यक्षता में हुई। सर्वप्रथम माँ सरस्वती एवं हनुमान जी के छायाचित्र पर दीपप्रज्वलन कर बैठक की शुरुवात की गई। बैठक मे नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से एमेच्योर कब्बडी एसोसिशन महासमुंद का संरक्षक पवन कुमार ध्रुव को बनाया गया। विशेष आमंत्रित सदस्य रमाकांत ध्रुव एवं आज्ञा राम ठाकुर को बनाया गया। एसोसिएशन काअध्यक्ष चेतन ठाकुर पिथौरा,उपाध्यक्ष प्रफुल्ल बारीक सराईपाली, सचिव ओमप्रकाश जायसवाल महासमुंद,कोषाध्यक्ष हेमंत डडसेना झलप,संयुक्त सचिव हिरदेश्वर नायक बागबाहरा एवं सम्मानित सदस्य के रूप मे दिव्य कुमार बारीक बसना, मोती लाल मांझी बसना, खगेंद्र तारक महासमुंद,कमलेश साहू,भुजेन्द्र सिंग ठाकुर, महिला सदस्य के रूप मे कुसुम यादव का सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया।

## अजब-गजब

### फोन पर मां की आवाज सुनते ही फफक पड़े होस्टल के बच्चे




घर की चारदीवारी से निकलकर जब कोई बच्चा पहली बार होस्टल की दुनिया में कदम रखता है, तब उसे धीरे-धीरे हर रिश्ते और चीजों की अहमियत का पता चलता है. पहली बार में नए दोस्त, नई जगह और अपनी मर्जी की आजादी किसी सपने से कम नहीं लगती, लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता, सूरज ढलता और रात का सन्नाटा पसरता है, तब शुरू होती है असली अग्नि परीक्षा. ये वक्त किसी भी बच्चे के लिए आसान नहीं होता. समय कटता नहीं है और घरवालों की याद आंखों से आंसू छलका देती है. सोशल मीडिया पर इन दिनों वायरल ये वीडियो इस दर्द का बयां कर रहा है, जिसे देखकर लोग इमोशनल हो रहे हैं.

वायरल हो रहा यह दिल तोड़ देने वाला वीडियो होस्टल लाइफ की कड़वी सच्चाई को बयां कर रहा है. वीडियो में कई बच्चे अपने माता-पिता से फोन पर बात करते नजर आते हैं. फोन पर बात करते हुए उनकी आंखों से छलकते आंसू उनका दर्द बयां कर रहे होते हैं. बच्चे जैसे ही फोन पर दूसरी तरह से अपनी मां की आवाज सुनते हैं, पल भर में ही उनके चेहरे के भाव बदल जाते हैं. वीडियो में देखा जा सकता है कि, जहां कुछ बच्चे अपने इमोशन पर कंट्रोल कर लेते हैं. वहीं कुछ बच्चे फूट-फूट कर रोने लगते हैं. वीडियो में घरवालों की याद और घर लौटने की तड़प साफ न जर आ रही है.

## सेहत-सलाह

### मुंह के छालों से राहत के लिए करें ये उपाय




मुंह में होने वाले छाले छोटे जरूर होते हैं लेकिन इनकी वजह से होने वाली परेशानी काफी ज्यादा हो सकती है, ये खाने, बोलने और पानी पीने में भी दर्द पैदा करते हैं. आमतौर पर ये छाले कुछ दिनों में अपने आप ठीक हो जाते हैं, लेकिन इस दौरान दर्द और जलन को कम करने के लिए लोग कई घरेलू उपाय अपनाते हैं. इन उपायों में इस्तेमाल होने वाली चीजों में कुछ ऐसे प्राकृतिक गुण पाए जाते हैं, जो मुंह की सूजन, जलन और संक्रमण को कम करने में मदद कर सकते हैं.

नमक के पानी से कुल्ला करना क्यों फायदेमंद माना जाता है- मुंह के छालों में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला उपाय नमक के पानी से कुल्ला करना है. नमक में मौजूद सोडियम क्लोराइड शरीर के लिए एक सामान्य तत्व है. जब नमक पानी में घुलकर कुल्ले के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, तो यह मुंह में मौजूद अतिरिक्त बैक्टीरिया की संख्या को कम करने में मदद करता है. नमक में एंटीमाइक्रोबियल प्रभाव होता है. यह हानिकारक सूक्ष्म जीवों को बढ़ने से रोकता है. इसके अलावा नमक वाला पानी छाले वाली जगह से गंदगी हटाने और सूजन कम करने में मदद करता है.

शहद कैसे कम कर सकता है दर्द और सूजन- शहद भी छालों में राहत देने वाला एक पुराना उपाय है. शहद में एंटीबैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो बैक्टीरिया को कम कर सूजन को खत्म करने में मदद करता है. शहद में मौजूद प्राकृतिक शर्करा और अन्य तत्व छाले वाली जगह पर एक सुरक्षात्मक परत बनाते हैं, जिससे बाहरी जलन कम महसूस होती है. इसके अलावा शहद में पाए जाने वाले कुछ एंटीऑक्सीडेंट तत्व शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं.

नारियल तेल में मौजूद लॉरिक एसिड कैसे करता है मदद- नारियल तेल में मौजूद लॉरिक एसिड इसका एक महत्वपूर्ण गुण माना जाता है. लॉरिक एसिड बैक्टीरिया और सूजन से लड़ता हैं. जब नारियल तेल छाले वाली जगह पर लगाया जाता है, तो यह उस हिस्से को नम बनाए रखने में मदद करता है.।

## वर्ग पहेली



**बायें से दाये**

1. दुलारना, लाड़जताना, स्नेह देना
4. हथेली
7. चोटी, बालों का गुच्छा
8. बुलंद आवाज
9. राय, विचार
10. क से ह तक की वर्णमाला
11. लंबाई-चौड़ाई, ऊंचाई
13. माता का पिता
14. आम जनता की राय जानना
19. वृक्ष का एक भाग
20. श्रेष्ठ जन, ब्याज में रूपया देने वाला
22. एक मुगल सम्राट
23. राज्य चलाने की नीति या कानून
25. अप्सरा
27. एक विदेशी मदिरा
28. शामियाना, चांदनी
30. जमीन, धरातल
32. कुंजी से खुलने वाल उपकरण
33. पराया, पंख, डैन
35. गद्दार
36. फण वाला सर्प

**ऊपर से नीचे**

1. प्रसन्न होना, मगन होना
2. चटक जाना, दरार आना
3. बसंत, रसों का राजा
4. चमत्कार, असमान्य घटना
5. तिमिर, अंधकार
6. नशे की बुरी आदत
12. चाहना, रूचिलेना
15. नामित, झुका
16. रोक, मनाही
17. इच्छा, चाहत
18. काजल, अंजन
20. अपशकुन, अशुभ
21. निगाह, दृष्टि
24. एक कडुआ वृक्ष
26. रत्न, जवाहर
28. गीत-गजल, काव्य
29. गर्म होना, तप होना
31. मैं का बहुवचन
32. सितारा
34. नस, नाड़ी

( हल पेज 5 पर )

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 8 | | | | | | |
| | 4 | 6 | 9 | | | | | |
| | | 2 | | 8 | | | | |
| 5 | | | 7 | | | 4 | | 8 |
| | | 3 | 2 | | 4 | 1 | | |
| 4 | | 1 | | | 8 | | | 7 |
| | | | | 7 | | 3 | | |
| | | | | | 3 | 9 | 5 | |
| | | | | | | 7 | 4 | 2 |

**नियम :**1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं। 3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं। **हल अगले पन्नों पर**

## आज का राशिफल

- मेष- आज किस्मत आपके कदमों के साथ चलती नजर आएगी। भाग्य का साथ मिलने से कई रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं और समाज में आपकी प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। आपका मिलनसार स्वभाव नए लोगों को आपकी ओर आकर्षित करेगा और दोस्ती का दायरा बढ़ेगा।
- वृष- आज का दिन व्यस्तता से भरा रह सकता है। काम का दबाव बढ़ने से भागदौड़ भी अधिक रहेगी। पेट से जुड़ी किसी भी परेशानी को नजरअंदाज न करें और खर्चों पर भी नियंत्रण बनाए रखें।
- मिथुन- पुरानी गलती से मिली सीख भविष्य में आपके बहुत काम आएगी। मेहनत से पीछे न हटें, क्योंकि यही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगी। यदि प्रॉपर्टी खरीदने की सोच रहे हैं, तो बजट का पूरा ध्यान रखें।
- कर्क- किसी रिश्तेदार के आने से घर का माहौल बदल सकता है। छोटे बच्चों के साथ समय बिताने से मन हल्का होगा और दिनभर की थकान भी दूर हो जाएगी।
- सिंह-जीवनसाथी की सलाह व्यापार में लाभ दिला सकती है। किसी जरूरी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है। हालांकि परिवार से जुड़ी कोई खबर मन को थोड़ा उदास भी कर सकती है।
- कन्या- आज आपकी वाणी ही आपकी सबसे बड़ी ताकत साबित होगी। बोलने से पहले सोचें और किसी सामाजिक कार्यक्रम में पहले दूसरों की बात ध्यान से सुनें। विरोधी आपकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन आपकी समझदारी उन पर भारी पड़ेगी।
- तुला -आज धन और खुशहाली में बढ़ोतरी के अच्छे संकेत हैं। प्रेम जीवन में साथी के साथ यादगार पल बिताने का अवसर मिलेगा। हालांकि पुराने स्वास्थ्य संबंधी समस्या दोबारा परेशान कर सकती है।
- वृश्चिक- आपकी मंशा उनके भले की ही होगी। परिवार में किसी बात को लेकर विवाद बढ़ने की आशंका है, इसलिए धैर्य और समझदारी से काम लें।
- धनु - आपके लिए शुभ संकेत लेकर आया है। यात्रा की योजना बन सकती है और माता-पिता की सेवा करने का अवसर भी मिलेगा। धन का सही उपयोग करना आज बेहद जरूरी रहेगा।
- मकर- सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में आपकी पहचान मजबूत हो सकती है। किसी नए काम की शुरुआत करने से पहले अच्छी तरह सोच-विचार कर लें। यदि यात्रा पर निकलें, तो वाहन सावधानी से चलाएं।
- कुंभ- व्यापार में साझेदारी से जुड़ी किसी बड़ी डील करने से पहले हर पहलू पर गंभीरता से विचार करें, ताकि भविष्य में किसी तरह की परेशानी न हो।
- मीन - आज का दिन सामान्य लेकिन कई छोटे-छोटे सुखद अनुभवों से भरा रहेगा। घर के लिए कोई नया इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने का योग बन सकता है। पिताजी की सलाह आपके लिए बेहद लाभदायक साबित होगी, इसलिए उसे नजरअंदाज न करें।

## संक्षिप्त खबरें

### 15 को धूमधाम से मनाया जाएगा वेदराम मनहरे का जन्मदिन



**खरोरा,** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। भाजपा के कद्दावर नेता एवं अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष वेदराम मनहरे का 15 जुलाई को जन्मदिन है, इस दिन उनका जन्मदिन निवास स्थान खरोरा में हर्षोल्लास पूर्वक एवं धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। केक कांटे जाएंगे एवं मनहरे को जन्मदिन की बधाई देने लोगों का तांता लगेगा।तिल्दा जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश्वर सोनू मनहरे एवं युवा नेता राहुल डहरिया ने बताया कार्यक्रम 15 जुलाई को दोपहर 1 बजे से आयोजित किया जाएगा एवं कार्यक्रम की व्यापक तैयारी की जा रही है। बता दें खरोरा सहित तिल्दा नेवरा, आरंग, पलारी सहित कई स्थानों से समर्थक जन्मदिन की बधाई देने पहुंचेंगे। अनुसूचित जाति आयोग का उपाध्यक्ष बनाए जाने के बाद वेदराम मनहरे का प्रथम जन्मदिन है इसलिए भी समर्थकों का तांता लगेगा।


### भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के 5 लाख से अधिक हितग्राहियों को भाजपा सरकार ने किया अपात्र:विनोद

**महासमुंद,** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने भाजपा की साय सरकार द्वारा भूमिहीन कृषि मजदूर योजना में किए जा रहे छटनी कार्रवाई को गरीब भूमिहीनों के साथ अन्याय व उनके हक पर कुठाराघात बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार ने प्रदेश के गरीब, भूमिहीन परिवारों को सम्मानजनक जीवन देने के उद्देश्य से इस योजना की शुरुआत की थी। उस समय 10 लाख से अधिक परिवारों को हर साल सीधी आर्थिक सहायता मिल रही थी। यह योजना केवल सहायता नहीं थी, बल्कि ग्रामीण गरीबों के लिए आत्मसम्मान और आर्थिक संबल का प्रतीक बन चुकी थी। जिसे सत्ता में आते ही भाजपा की साय सरकार ने सबसे पहले इस योजना का नाम बदलकर अपनी पीठ थपथपाने का काम किया।

**पहले 10 लाख से अधिक परिवारों को हर साल सीधी आर्थिक सहायता मिल रही थी**


नाम बदलने के साथ ही सरकार ने सत्यापन और तकनीकी नियमों का हवाला देकर प्रदेश भर में लाखों पात्र परिवारों को अपात्र घोषित कर दिया। अकेले महासमुंद जिले में लगभग 3000 ऐसे भूमिहीन परिवार हैं जो पहले से पात्र थे, जिनकी रोजी.रोटी पूरी तरह मजदूरी पर निर्भर है, लेकिन आज उन्हें इस योजना के लाभ से पूरी तरह वंचित कर दिया गया है। पूरे प्रदेश में 5 लाख से अधिक गरीब परिवारों को इसी तरह बाहर कर दिया गया है। श्री चंद्राकर ने कहा कि आज स्थिति यह है कि साय सरकार आधे से भी कम हितग्राहियों को समय पर और सही तरीके से लाभ नहीं दे पा रही है। जिन लोगों को 10 हजार रु की राशि मिलनी थी, उनके खाते खाली पड़े हैं। सरकार के पास बड़े उद्योगपतियों को लाखों करोड़ का अनुदान देने के लिए खजाना भरा हुआ है, लेकिन गरीब मजदूर को साल भर में मिलने वाली मामूली सहायता देने में सरकार की नीयत और नीति दोनों फेल हो गई हैं। यह सीधे.सीधे गरीब विरोधी सोच का प्रमाण है।

## आज का हल



| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 2 | 7 | 5 |
| 7 | 4 | 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 2 | 3 | 8 | 7 | 6 | 9 | 4 |
| 5 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 | 4 | 2 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 | 1 | 6 | 9 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 9 | 8 | 5 | 3 | 7 |
| 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 6 |
| 2 | 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 5 | 1 |
| 6 | 3 | 5 | 8 | 1 | 9 | 7 | 4 | 2 |

# अब मशीन से होगी बियासी







**विरेन्द्र उपाध्याय**

**भाटापारा,** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। अब बियासी भी मशीन से की जा सकेगी। नाम है मल्टीपरपज इंटर कल्टीवेटर। दिलचस्प बात यह है कि यह मशीन निंदाई, गुड़ाई के साथ मिट्टी चढ़ाने का भी काम करने में सक्षम है।

कृषि श्रमिकों की घटती संख्या और अनिश्चित मानसून। यह दो प्रमुख कारक कृषि कार्य को हर बरस प्रभावित कर रहे हैं। समय पर कृषि कार्य का नहीं हो पाना कई तरह की समस्याओं को बढ़ा रहा है। ऐसे में कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी प्रोत्साहन ने एक ऐसे कृषि यंत्र को आकार दिया, जो निंदाई, गुड़ाई और बियासी के साथ मिट्टी चढ़ाने का काम बखूबी से करता है।

**इसलिए जरूरी बियासी**- पारंपरिक कृषि प्रणाली का महत्वपूर्ण भाग है बियासी। साथ ही करनी होती है निंदाई क्योंकि खरपतवार नियंत्रण आवश्यक है। मिट्टी को ढीला करना भी जरूरी होता है क्योंकि जड़ों तक ऑक्सीजन की पहुंच इससे आसान होती है और पौधों की समुचित बढ़वार को मदद मिलती है लेकिन बड़ी दिक्कत अब खेतीहर श्रमिकों के नहीं मिलने से हो रही है। नया कृषि यंत्र इन सभी समस्याओं को दूर करने में सक्षम है।

**एक साथ चार काम** - नया मल्टीपरपज कल्टीवेटर निंदाई, गुड़ाई, बियासी के साथ पौधों के आसपास मिट्टी चढ़ाने का काम भी करता है। इससे समय पर कृषि कार्य होते हैं। उत्पादन में बढ़ोतरी इसलिए संभव है क्योंकि पौधों की समान संरचना को समय पर ऑक्सीजन मिलता है। खरपतवार नियंत्रण में भी मदद मिलती है। सबसे बड़ा लाभ यह है कि श्रम लागत में काफी कमी आती है क्योंकि समय पर सभी कृषि कार्य आसानी से होते हैं।

**निंदाई, गुड़ाई और मिट्टी चढ़ाई हुई आसान**

**निंदाई के लिए यह उपकरण** - कोनो वीडर करता है खरपतवार पर नियंत्रण, सुधारता है मिट्टी में वायु संचार प्रणाली। ट्विन-विल -हो मैदानी क्षेत्र में ली गई सोयाबीन, मूंग, उड़द, तिल और मक्का को सही बढ़ावार देने की व्यवस्था करता है। पावर वीडर की कार्य क्षमता को सराहना चौतरफा मिल रही है क्योंकि कम समय में अधिक क्षेत्रफल को कवर करता है। बैटरी चलित वीडर महिलाओं और वृद्धि किसानों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। कम रखरखाव वाली यह मशीन प्रदूषण मुक्त है।

**बेहतर परिणाम कतार बोनी वाली फसलों में** - कतार बोनी से ली गई फसलों में यह कृषि उपकरण विशेष लाभ देते हैं क्योंकि इस विधि से ली गई फसलों में इसका संचालन बेहतर तरीके से हो पाता है। श्रम लागत में 40 से 70 फ़ीसदी कमी आती है, तो समय पर कृषि कार्य होने से पौधों की संख्या समान होती है। जिसे उत्पादन में वृद्धि के रूप में देखा जा सकता है। सिंचाई पानी और खरपतवारनाशक दवाओं की जरूरत भी कम पड़ती है।

### अब मशीन से होगी बियासी, निंदाई-गुड़ाई आसान

कृषि श्रमिकों की कमी और अनिश्चित मानसून के दौर में मल्टीपरपज इंटर कल्टीवेटर जैसे कृषि यंत्र समय पर खेत प्रबंधन का प्रभावी समाधान हैं। निंदाई, गुड़ाई, बियासी और मिट्टी चढ़ाने जैसे कार्य एक साथ होने से श्रम लागत घटती है, फसल की बढ़वार बेहतर होती है तथा उत्पादन बढ़ाने में सहायता मिलती है। विशेषकर कतार बोनी वाली फसलों में ऐसे यंत्र जलवायु-स्मार्ट एवं टिकाऊ कृषि की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

**-इं. पंकज मिंज, सब्जेक्ट मैटर स्पेशलिस्ट (एग्री.इंजीनियरिंग), कृषि विज्ञान केंद्र, बिलासपुर**

## अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा किशोरी बालिका स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम




**तिल्दा-नेवरा,** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा 13 जुलाई को उपस्वास्थ्य केन्द्र गूमा के सहयोग से मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री एवं प्रशासनिक प्रमुख संजीव मिश्रा के मार्गदर्शन में किशोरियों के स्वास्थ्य, पोषण एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गूमा में किशोरी बालिका स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9 वीं से 12 वीं के 103 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

कार्यक्रम के दौरान उपस्वास्थ्य केन्द्र गूमा के सीएचओ नीतू साहू ने किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, एनीमिया की रोकथाम, व्यक्तिगत स्वच्छता, मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी साथ ही स्वच्छता के प्रति जागरुकता बढाने हेतु सभी प्रतिभागियों को सेनेटरी पैड प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं की जिज्ञासाओं का समाधान भी विशेषज्ञों द्वारा सरल तरीके से किया गया एवं स्कूल प्रबंधन से शिक्षक एवं शिक्षिकाएं राजेश साहू, खुमान देवागंन , अर्चना मिंज, मंजू चौहान, ममता ध्रुव, ग्यानेश्वरी साहू तथा मितानिन शकुंतला साहू की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय तथा सीएसआर टीम से द्वारिका वर्मा, सुरेंद्र यादव, हेमलता ध्रुव, जानकी यादव, सुनिता निषाद, ताराचंद वर्मा, गुमान साहू एवं साहिल बांधे की भूमिका रही।

## ईल्दा में माता पहुंचनी का उल्लास गाजे बाजे के साथ उमड़ी आस्था



**खरोरा,** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। दूसरेआषाढ़ पर सोमवार को ग्राम ईल्दा स्थित माता मंदिर में पारंपरिक माता पहुचनी का आयोजन श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। शाम से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे महिला, पुरुष, युवा और बच्चों ने माता के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

पूजन के पश्चात मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद वितरण की व्यवस्था सुव्यवस्थित रही और स्वयंसेवकों ने सेवा भाव से सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद उपलब्ध कराया। आयोजन के दौरान सामाजिक सौहार्द, भाईचारा और धार्मिक एकता की झलक देखने को मिली। ग्रामीणों ने बताया कि दूसरे आषाढ़ पर माता पहुचनी का यह धार्मिक आयोजन वर्षों से गांव की परंपरा का हिस्सा रहा है। हर वर्ष इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हैं और गांव की खुशहाली, अच्छी फसल तथा सभी के सुखद जीवन की कामना करते हैं। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। धार्मिक परंपरा के अनुसार माता की विशेष पूजा-अर्चना, नारियल अर्पण एवं विधि-विधान से आराधना की गई। इसके बाद ढोल, मंजीरा और पारंपरिक गाजे-बाजे की मधुर धुनों के बीच माता पहुचनी की रस्म संपन्न हुई। माता के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ भजन-कीर्तन में शामिल हुए और भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए।

## समन्वय, पारदर्शिता और संवेदनशीलता से करें कार्य : विक्रांत सिंह



**खैरागढ़,** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से जनपद पंचायत छुईखदान में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों की सहभागिता रही, जिससे आयोजन का वातावरण उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायक बना।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति ललित चोपड़ा ने की, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि प्रेमनारायण चन्द्राकर एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष पुष्पा प्रकाश वर्मा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा पौधारोपण कर की गई, जिसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विक्रांत सिंह ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान एक अत्यंत सराहनीय पहल है, जो न केवल हरियाली बढ़ाने में सहायक है, बल्कि भावनात्मक रूप से भी लोगों को प्रकृति से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि जनपद पंचायत विकास की आधारशिला है, और इसके अंतर्गत आने वाले गांवों का विकास ही नए जिले के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने आगे कहा कि जनपद पंचायत वह प्रमुख संस्था है, जहां से केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होता है। इसलिए कार्यालय का बाहरी एवं आंतरिक वातावरण सकारात्मक और अनुशासित होना चाहिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर देते हुए कहा कि दोनों की जिम्मेदारी है कि आपसी सामंजस्य बनाए रखें और कार्यों को पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पूरा करें।

**गांवों के विकास से ही जिले का समग्र विकास संभव**

विक्रांत सिंह ने उपस्थित सभी कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्य के प्रति संवेदनशीलता, सकारात्मक सोच और अनुशासन बहुत जरूरी है। उन्होंने सभी को एक अच्छे वातावरण में मिलकर कार्य करने तथा पारिवारिक भावना के साथ दायित्व निभाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ललित चोपड़ा ने कहा कि वृक्षारोपण जैसे आयोजन आज के समय में अत्यंत आवश्यक हैं। पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और ऐसे प्रयासों से समाज में जागरूकता बढ़ती है। कार्यक्रम के अंत में जनपद पंचायत सीईओ केशवरी देवांगन ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राजू जंघेल, अग्राहीत नेताम, राजिम मुकेश जंघेल, सुमरित जंघेल, उत्तम जंघेल, मंगल नेताम, ज्योति जंघेल, अंशु चतुर्वेदी, गजेंद्र पटेल, रेखचंद जंघेल, पारस ठाकरे, मनोज चतुर्वेदी, ओमलाल साहू, राजकुमार जंघेल, दिवाकर सोनी, ललित सोनी, लेखराम साहू सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रांत स्तरीय एक दिवसीय हड़ताल की सूचना जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपी गई



**खरोरा,** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन, जिला रायपुर के प्रतिनिधिमंडल ने आज जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर से सौजन्य भेंट कर 15 जुलाई 2026 से प्रस्तावित शिक्षक हड़ताल की सूचना एवं ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया कि प्रदेश के सहायक शिक्षक लंबे समय से अपनी वेतन विसंगति दूर करने, सेवा संबंधी लंबित मांगों के निराकरण, पदोन्नति, क्रमोन्नति तथा सहायक शिक्षकों के साथ हो रहे भेदभाव को समाप्त करने जैसी प्रमुख मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित करते रहे हैं। मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने के कारण समग्र शिक्षक फेडरेशन द्वारा 15 जुलाई 2026 से हड़ताल का निर्णय लिया गया है। फेडरेशन ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन शिक्षकों के सम्मान, समान अधिकार तथा न्यायपूर्ण सेवा शर्तों की मांग को लेकर किया जा रहा है तथा शासन से शीघ्र सकारात्मक पहल की अपेक्षा की गई है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष लखेश्वर वर्मा, जिला सचिव श्री महेंद्र कुमार साहू, प्रांतीय संगठन मंत्री हेम कुमार साहू, जिला मीडिया प्रभारी शिवपूजन सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र टंडन, जिला सलाहकार निर्मल कुमार साहू सहित फेडरेशन के अन्य पदाधिकारी एवं शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

## स्वच्छ, सुंदर, सुगम यातायात और प्लास्टिक-मुक्त खरोरा की ओर एक और कदम



**खरोरा,** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। आज नगर पंचायत खरोरा द्वारा नगर के सभी वर्ग के व्यापारी बंधुओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक का मुख्य उद्देश्य सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्णत: रोक एवं नगर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना था.

बैठक में नगर पंचायत अधिकारी द्वारा सभी व्यापारियों से अपील की गई कि वे अपनी दुकानों में प्लास्टिक पॉलीथीन, सिंगल यूज़ प्लास्टिक एवं डिस्पोजल सामग्री का उपयोग पूरी तरह बंद करें तथा इसके स्थान पर पर्यावरण के अनुकूल वैकल्पिक सामग्री का उपयोग करें. साथ ही प्रत्येक व्यापारी से अपनी दुकान पर डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखने का आग्रह किया गया, ताकि कचरा इधर-उधर न फैले और नगर की स्वच्छता बनी रहे. इसके अलावा व्यापारियों को कहा गया कि वे अपनी दुकानों का सामान सड़क या दुकान की निर्धारित सीमा से बाहर न रखें, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे और आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े. बैठक के दौरान व्यापारी बंधुओं ने अपनी समस्या विचार सीएमओ ओम प्रकाश सिग जी के समक्ष रखीं. सीएमओ महोदय ने सभी व्यापारियों की बातों को गंभीरता से सुना, उन्होंने कहा कि नगर के विकास, स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित बाजार व्यवस्था के लिए नगर पंचायत और व्यापारी वर्ग का आपसी सहयोग अत्यंत आवश्यक है. बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई,जिसमें स्वच्छ, सुंदर, पर्यावरण-अनुकूल एवं व्यवस्थित खरोरा के निर्माण के लिए सभी व्यापारियों ने नगर पंचायत का सहयोग करने की बात कही.

## भारत सरकार के राजपत्र में अधिसूचित हुई एसईसीएल की सुश्रुत योजना



**कोरबा,** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। एसईसीएल की प्रमुख कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल एसईसीएल के सुश्रुत ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है। भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के साथ यह भारत सरकार के राजपत्र में अधिसूचित होने वाली किसी भी कोल पीएसयू की पहली सीएसआर योजना बन गई है।

कोयला मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, अब एसईसीएल के सुश्रुत योजना के लाभार्थियों के लिए आधार प्रमाणीकरण की सुविधा उपलब्ध होगी। यह व्यवस्था आधार (वित्तीय एवं अन्य सब्सिडी, लाभ एवं सेवाओं का लक्षित वितरण) अधिनियम, 2016 तथा आधार प्रमाणीकरण (सुशासन, सामाजिक कल्याण, नवाचार एवं ज्ञान) नियम, 2020 के अंतर्गत लागू की गई है। इससे योजना के लाभों का पारदर्शी, लक्षित एवं प्रौद्योगिकी आधारित वितरण सुनिश्चित होगा। साथ ही, जो लाभार्थी आधार प्रमाणीकरण का उपयोग नहीं करना चाहते, उनके लिए सरकार द्वारा अनुमोदित वैकल्पिक पहचान पत्रों के माध्यम से भी लाभ प्राप्त करने की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। वर्ष 2023 में प्रारंभ की गई एसईसीएल के सुश्रुत एसईसीएल की प्रमुख सीएसआर पहल है, जिसके अंतर्गत कंपनी के परिचालन क्षेत्रों के मेधावी विद्यार्थियों को नीट परीक्षा की निश्शुल्क आवासीय कोचिंग प्रदान की जाती है, ताकि वे चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अपना भविष्य बना सकें। योजना ने आरंभ से ही उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं। प्रथम बैच (2023-24) में 40 में से 39 विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण की। इनमें 11 विद्यार्थियों ने एमबीबीएस, 2-2 विद्यार्थियों ने बीडीएस, बीएएमएस एवं बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी तथा 2 विद्यार्थियों ने वेटरनरी पाठ्यक्रमों में सरकारी संस्थानों में प्रवेश प्राप्त किया। द्वितीय बैच (2024-25) में भी 40 में से 31 विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण की तथा एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस एवं बैचलर ऑफ फिशरीज साइंस सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में सरकारी संस्थानों में प्रवेश प्राप्त किया।

## रंजना साहू के प्रयासों से ग्राम रांवा, लोहरसी एवं पोटियाडीह गांव में बनेगा स्टेडियम, खेल प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच

**धमतरी** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। क्षेत्र की युवा खेल प्रतिभाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू के लगातार प्रयासों से अब धमतरी जिले के ग्राम राँवा,लोहरसी एवं पोटियाडीह में आधुनिक स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। रंजना साहू ने शासन–प्रशासन के समक्ष इस मांग को प्रमुखता से उठाया। स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों का कहना है कि रंजना साहू ने हर बैठक और जनसंपर्क में युवाओं के खेल के मुद्दे को उठाया। उनके इसी प्रयास का परिणाम है कि अब इन गांवों में स्टेडियम निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। खबर मिलते ही रांवा,लोहरसी एवं पोटियाडीह के युवाओं में खुशी की लहर है। भाजपा जिला महामंत्री राकेश साहू, रांवा मंडल अध्यक्ष अमन राव, आमदी मण्डल अध्यक्ष विनय जैन, महामंत्री दमयंती साहू, महामंत्री राकेश सिन्हा, तरुण साहू, महामंत्री अनिल तिवारी, नामदेव राय, भूषण साहू, चेतन देवांगन , जितेंद्र यादव, तेजराम, नरेंद्र हिरवानी, युवराज सिन्हा, गोविंदा निर्मलकर, भूषण देवांगन, देवनारायण साहू, संतराम साहू, लक्ष्मी गंजीर, केदार यादव, देव सिंग गंजीर, मानिक साहू, नामदेव राय, दानीराम साहू, शंकर सिन्हा सहित ग्रामीणों ने राज्य सरकार एवं रंजना साहू का आभार जताया।



## कोलियारी के 50 परिवारों को महापौर का आश्वासन, नहीं तोड़ा जाएगा मकान



**धमतरी** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। ग्राम कोलियारी में प्रस्तावित अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर फैल रही चर्चाओं के बीच महापौर रामू रोहरा ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि किसी भी परिवार का मकान नहीं तोड़ा जाएगा। रविवार को ग्राम कोलियारी के सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महापौर के निवास पहुंचे और अपनी चिंता से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में यह चर्चा चल रही है कि करीब 50 लोगों के मकानों एवं अतिक्रमण को हटाया जाएगा, जिससे लोगों में भय और असमंजस का माहौल है। इस पर महापौर रामू रोहरा ने स्पष्ट किया कि किसी भी नागरिक के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और फिलहाल किसी का मकान तोड़ने की कोई कार्रवाई नहीं होगी। महापौर ने कहा कि लोगों को अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। यदि किसी प्रकार की समस्या या शंका है तो सीधे जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से जानकारी लें। उन्होंने कहा कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्य लोगों के हितों को ध्यान में रखकर किए जाएंगे तथा किसी भी परिवार को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाएगा। महापौर के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने राहत महसूस की और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान सरपंच सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल द्वारा जिला अस्पताल में 50 नवजात शिशुओ को किया गया बेबी किट का वितरण

**धमतरी** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र धमतरी द्वारा संस्था के स्थापना दिवस के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए इसी के तृतीय सोपान में जिसमें संस्था की महत्वाकांक्षी वात्सल्य योजना के तहत शासकीय जिला अस्पताल में 50 नवजात शिशुओ को बेबी किट का वितरण किया गया.इस दौरान ?उपाध्यक्ष वीरा अनिता कुकरेजा सचिव वीरा मधु बैद कोषाध्यक्ष वीरा अनीता लूनावत वरिष्ठ वीरा शोभा बैद सहसचिव वीरा संजु बड़जात्या आदि सदस्य उपस्थित थे । संस्था की शीर्ष केंद्र द्वारा नवजात शिशुओं को संक्रमण से बचाने हेतु अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है इसी के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है.



## नगर निगम आयुक्त अरुण वर्मा ने संभाला निगम का कार्यभार, निगम अधिकारियों ने किया पुष्प गुच्छ से स्वागत

धमतरी 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। नगर पालिका निगम धमतरी के आयुक्त के रूप में अरुण वर्मा अपर कलेक्टर ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करते ही निगम के अधिकारियों ने ने नए आयुक्त का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। आयुक्त के स्वागत के दौरान उपायुक्त पीसी सार्वा, कार्यपालन अभियंता महेंद्र जगत, लेखा अधिकारी दीपक शर्मा, उप अभियंता लोमश देवांगन, मिशन मैनेजर शशांक मिश्रा, लोक निर्माण विभाग के लिपिक प्रमेश पेनदरिया, स्वास्थ्य विभाग से तरुण गजेंद्र, कर्मचारी संघ की ओर से मंगलू निर्मलकर, मोहम्मद शेर खान आदि मौजूद रहे। निगम आयुक्त ने प्रभारी आयुक्त पीसी सार्वा से कार्यभार ग्रहण किया। आयुक्त ने पहले दिन नगर निगम केविभिन्न विभागों का निरीक्षण किया और विभागों के अधिकारी,कर्मचारियों से उनके कार्य के बारे में जानकारी ली। कार्यभार ग्रहण करते ही आयुक्त ने महापौर रामू रोहरा से सौजन्य भेंट की और विकास कार्यों पर संक्षिप्त चर्चा की। आयुक्त को बधाई देने महापौर परिषद के सदस्य भी पहुंचे और उन्होंने भी पुष्प कुछ से आयुक्त का स्वागत किया। इधर विभिन्न एजेंसियों ने भी आयुक्त के कार्य भार ग्रहण करने पर बधाई दी।



# धमतरी बनेगा मॉडल सिटी, वाटर प्लांट से चौपाटी तक, 7 बड़े प्रोजेक्ट का निरीक्षण

## महापौर, कलेक्टर एवं निगम आयुक्त ने शहर के प्रमुख विकास कार्यों का किया संयुक्त निरीक्षण

**धमतरी** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। धमतरी शहर में नागरिक सुविधाओं के विस्तार एवं शहरी अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का आज महापौर नगर निगम रामू रोहरा, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एवं नवपदस्थ नगर निगम आयुक्त अरुण कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण कर जायजा लिया। अधिकारियों ने निर्माणाधीन परियोजनाओं की गुणवत्ता, कार्य की प्रगति तथा समय-सीमा की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों एवं कार्यदायी एजेंसियों को सभी कार्य निर्धारित समय में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, नहर नाका चौक, जालमपुर स्थित बॉक्स क्रिकेट परिसर, सिहावा चौक के समीप निर्माणाधीन अत्याधुनिक ऑडिटोरियम, खपरी-अर्जुनी स्थित निर्माणाधीन बस स्टैंड तथा कांटा तालाब में विकसित की जा रही चौपाटी का अवलोकन किया। उन्होंने प्रत्येक परियोजना में निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं कार्य की गति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि जनसुविधा से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सिहावा चौक से कोलियारी तथा रत्नाबांधा से मुजगहन तक चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। ड्रेनेज व्यवस्था, पैदल पथ निर्माण, विद्युत लाइन शिफ्टिंग तथा यातायात प्रबंधन से संबंधित कार्यों की जानकारी लेते हुए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण पूर्ण होने से यातायात अधिक सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित होगा तथा शहर के विकास को नई गति मिलेगी।




### धमतरी को आधुनिक एवं सुविधासंपन्न शहर बनाने पर जोर

### संतुलित एंव सुनियोजित विकास निगम की प्राथमिकता- रामू

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि धमतरी शहर का समग्र, संतुलित एवं सुनियोजित विकास नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शहर में संचालित सभी विकास कार्यों का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं, सुगम यातायात, स्वच्छ एवं आकर्षक सार्वजनिक स्थल तथा आधुनिक शहरी अधोसंरचना उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक निर्माण कार्य गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि आम नागरिकों को शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्यों के नियमित मॉनिटरिंग पर भी बल दिया।

### मॉडल शहर के रूप में धमतरी को विकसित करने प्रयास जारी- कलेक्टर

कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से धमतरी शहर को आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं आकर्षक स्वरूप मिलेगा। बेहतर यातायात व्यवस्था, खेल सुविधाएं, सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए आधुनिक अधोसंरचना तथा नागरिकों के लिए विकसित सार्वजनिक स्थल शहर के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य धमतरी को एक सुविधासंपन्न, स्वच्छ, सुरक्षित एवं जनोन्मुखी शहर के रूप में विकसित करना है। सिहावा चौक स्थित निर्माणाधीन अत्याधुनिक ऑडिटोरियम का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने भवन में फाल्स सीलिंग, वातानुकूलन व्यवस्था, आधुनिक साउंड सिस्टम, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था तथा दर्शकों के लिए आरामदायक बैठने की सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऑडिटोरियम के निर्माण पूर्ण होने पर जिले में सांस्कृतिक, शैक्षणिक, साहित्यिक एवं सामाजिक आयोजनों को नया मंच मिलेगा। उन्होंने अक्टूबर माह तक सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कांटा तालाब में विकसित की जा रही चौपाटी का निरीक्षण करते हुए इसे शहर का प्रमुख आकर्षण एवं पारिवारिक मनोरंजन केंद्र के रूप में विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने नागरिकों की सुविधा के लिए बहु-प्रवेश द्वार, व्यवस्थित दुकानें, आकर्षक सेल्फी प्वाइंट, हरित क्षेत्र, सौंदर्यीकरण, बैठने की पर्याप्त व्यवस्था तथा ऊर्जा दक्ष प्रकाश व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित सार्वजनिक स्थल उपलब्ध होगा, वहीं स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं पर्यटन गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। निरीक्षण के दौरान रत्नाबांधा एवं मुस्कान क्षेत्र के मध्य स्थित तालाब परिसर का अवलोकन कर वहां भी चौपाटी विकसित करने की संभावनाओं का परीक्षण किया गया। इसके अलावा पीजी कॉलेज मार्ग का निरीक्षण कर आवश्यक तकनीकी एवं प्रशासनिक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि सभी विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता, पर्यावरणीय संतुलन एवं जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, जिससे शहर के नागरिकों को दीर्घकालीन एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

### नवपदस्थ नगर निगम आयुक्त परियोजनों को समय सीमा में गुणवत्ता के साथ किया जाएगा पूरा- आयुक्त

अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने शहर में संचालित सभी प्रमुख विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण कर उनकी प्रगति का आकलन किया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को तय समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाएगा तथा प्रक्रियाधीन विकास कार्यों की सभी प्रशासनिक एवं तकनीकी औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण कर कार्य प्रारंभ किए जाएँगे । उन्होंने कहा कि नगर निगम पारदर्शी, जवाबदेह एवं परिणाममुखी कार्यशैली के माध्यम से नागरिकों की अपेक्षाओं के अनुरूप शहर के समग्र एवं सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के उपायुक्त श्री पी.सी. सर्वा, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ श्री मुरलीधर पैकरा सहित नगर निगम, लोक निर्माण विभाग एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## इंस्पायर अवार्ड : जापान से वैज्ञानिक भ्रमण कर लौटीं धमतरी की दो होनहार बेटियों का कलेक्टर ने किया सम्मान

**धमतरी** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की दो होनहार छात्राओं ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर धमतरी सहित पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत जापान के वैज्ञानिक भ्रमण से वापस लौटने पर आज जिला कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने दोनों छात्राओं से मुलाकात की और उन्हें इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए सम्मानित किया। सम्मानित होने वाली छात्राओं में सुनैना साहू और समीक्षा साहू शामिल हैं, जिन्होंने अपनी प्रतिभा के दम पर वैश्विक पटल पर पहचान बनाई है। इस गौरवशाली उपलब्धि की पृष्ठभूमि पर नजर डालें तो इस वर्ष इंस्पायर मानक स्कीम सकुरा साइंस हाई स्कूल प्रोग्राम ऑफ जापान के लिए देशभर से कुल 56 विद्यार्थियों का चयन किया गया था। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य से कुल पांच छात्राओं को प्रतिनिधित्व का मौका मिला, जिसमें सबसे खास बात यह रही कि धमतरी जिले के हायर सेकेंडरी स्कूल कोसमर्रा से ही दो छात्राओं ने इस सूची में अपनी जगह बनाई। छात्राओं की इस ऐतिहासिक सफलता में उनके मार्गदर्शक शिक्षकों की बेहद अहम भूमिका रही है। कुमारी समीक्षा साहू ने शासकीय माध्यमिक शाला कोसमर्रा की शिक्षिका कविता सिन्हा के कुशल निर्देशन में यह मुकाम हासिल किया, वहीं कुमारी सुनैना ने शासकीय माध्यमिक शाला देवरी के शिक्षक लक्ष्मीकांत साहू के मार्गदर्शन में जिला, राज्य और नेशनल स्तर की बाधाओं को पार करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना चयन पक्का किया था। कलेक्टर कक्ष में आयोजित इस सम्मान समारोह के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, डीपीओ खेमेंन्द्र साहू, सहायक संचालक देवेश सूर्यवंशी, यदुनंदन वर्मा, विद्यालय के प्राचार्य डोमन लाल साहू, शाला समिति के अध्यक्ष खोमेश्वर राव वाकडे और निखिल साहू सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## जिपं सभापति मोनिका ऋषभ देवांगन की पहल से प्रशासन एवं ग्रामवासियों के बीच बना सामंजस्य, संवाद से समाप्त हुआ गतिरोध

धमतरी 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 एवं 13 जुलाई 2026 को ग्राम सारंगपुरी, खरेंगा, अमेठी, सरगी-दोनर, पाहंदा तथा आसपास के क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान अवैध रूप से रेत का परिवहन करते पाए गए 4 वाहनों को जप्त किया गया। जप्त वाहनों के विरुद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के प्रावधानों के तहत अर्थदण्ड की कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में 13 जुलाई 2026 तक अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण से संबंधित कुल 239 प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 69 लाख 32 हजार 683 रुपये का अर्थदण्ड वसूल कर शासकीय खनिज मद में जमा कराया गया है तथा संबंधित प्रकरणों का प्रशमन किया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए विभागीय उड़नदस्ता दल द्वारा नियमित निगरानी एवं सतत कार्रवाई की जा रही है। भविष्य में भी अवैध गतिविधियों के विरुद्ध इसी प्रकार कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।



## जिले के धमतरी विकासखण्ड में योजनांतर्गत निर्माण एवं आजीविका कार्यों का जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने किया निरीक्षण

**धमतरी** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। जिले के विकास कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत धमतरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा ने विकासखण्ड धमतरी के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन एवं पूर्ण हो चुके विकास कार्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला स्व-सहायता समूहों की आजीविका गतिविधियों तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा जहां कार्यों में लापरवाही पायी गई वहां जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई के निर्देश भी दिए। निरीक्षण की शुरुआत ग्राम पंचायत गंगरेल से हुई जहां जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) मद से निर्मित चौपाटी का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के बावजूद पूर्ण नहीं हुआ है तथा कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं है। इस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित जिम्मेदार एजेंसी के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिए। इसके पश्चात ग्राम पंचायत कोलियारी स्थित मधुरिमा गुरुकुल कौशल एवं बुद्धि विकास संस्थान द्वारा युवाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहे है संस्थान से सिलाई, कंप्यूटर, ब्यूटी पार्लर, हस्तशिल्प सहित अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया जा रहा है प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को व्यवहारिक ज्ञान एवं कौशल विकसित कर स्वरोजगार तथा रोजगार के बेहतर औसत उपलब्ध कराए जा रहे हैं वहीं शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया। यहां उन्होंने विद्यालय के सभी कक्षों का भ्रमण कर विद्यार्थियों की शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया।



## सेवा सेतु ने बनाई सरकारी सेवाएं सरल, घर बैठे मिला निवास प्रमाण पत्र

**धमतरी** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। शासन की डिजिटल सेवा पहल सेवा सेतु - जनता के द्वार, डिजिटल सरकार नागरिकों को पारदर्शी, त्वरित और सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी माध्यम बन रही है। अब विभिन्न शासकीय प्रमाण पत्रों एवं सेवाओं के लिए नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन आवेदन, डिजिटल दस्तावेज सत्यापन तथा समयबद्ध सेवा प्रदाय से लोगों का जीवन अधिक सरल और सुविधाजनक हुआ है। धमतरी जिले के कुरूद तहसील के निवासी श्री सागर भी इस डिजिटल परिवर्तन का लाभ प्राप्त करने वाले नागरिकों में शामिल हैं। उन्हें एक आवश्यक शासकीय कार्य के लिए निवास प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी। पहले इस प्रकार का प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कार्यालय में कई बार जाना पड़ता था। आवेदन जमा करने, आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन और प्रमाण पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया में समय और श्रम दोनों अधिक लगते थे। कई बार लंबी कतारों में प्रतीक्षा करनी पड़ती थी, जिससे दैनिक कार्य भी प्रभावित होते थे। सेवा सेतु पोर्टल के बारे में जानकारी मिलने के बाद श्री सागर ने स्वयं ऑनलाइन आवेदन करने का निर्णय लिया। उन्होंने पोर्टल पर आवश्यक जानकारी दर्ज कर संबंधित दस्तावेज अपलोड किए। आवेदन प्राप्त होते ही विभाग द्वारा दस्तावेजों का डिजिटल सत्यापन किया गया। निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद उनका आवेदन स्वीकृत हुआ तथा डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त निवास प्रमाण पत्र ऑनलाइन जारी कर दिया गया। इसके बाद उन्होंने प्रमाण पत्र डाउनलोड कर उसकी प्रति प्रिंट की और आवश्यक शासकीय कार्य में उसका सफलतापूर्वक उपयोग किया। श्री सागर बताते हैं कि सेवा सेतु के माध्यम से पूरी प्रक्रिया अत्यंत सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक रही।



## जिला बदर आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार,आदेश का उल्लंघन करते पाये जाने पर भेजा गया जेल

**धमतरी** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। सिटी कोतवाली पुलिस ने जिला बदर आरोपी सागर ढीमर उर्फ विक्की गिडडी (23 वर्ष), निवासी नयापारा वार्ड, धमतरी को जिला दण्डाधिकारी के आदेश का उल्लंघन करते हुए जिले की सीमा में बिना अनुमति प्रवेश करने पर गिरफ्तार किया है। 13 जुलाई को थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम जुर्म-जरायम पतासाजी के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जिला बदर आरोपी सागर ढीमर उर्फ विक्की गिडडी आमातालाब रोड क्षेत्र में घूम रहा है।



सूचना की तस्दीक करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी से जिला दण्डाधिकारी के जिला बदर आदेश से छूट अथवा जिले में प्रवेश की वैध अनुमति संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, किन्तु वह कोई वैध अनुमति प्रस्तुत नहीं कर सका तथा स्वयं स्वीकार किया कि उसके पास जिले में प्रवेश की अनुमति नहीं है।आरोपी द्वारा जिला बदर आदेश का उल्लंघन किए जाने पर उसके विरुद्ध अपराध क्रमांक 161/2026 के तहत धारा 223 भारतीय न्याय संहिता एवं छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा 15 के अंतर्गत विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का है। उसके विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में हत्या, लूट, मारपीट, धमकी एवं आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न गंभीर धाराओं के कई आपराधिक प्रकरण पूर्व से पंजीबद्ध हैं।



# हस्तर के बाद आएगा प्रलय, सोहम शाह की तुम्बाड 2 में आलिया भट्ट की एंट्री

हिंदी सिनेमा की नई लेडी सुपरस्टार के तौर पर आलिया भट्ट को जाना जाता है। मौजूदा समय में आलिया का नाम स्पाई थ्रिलर फिल्म एल्फा को लेकर चर्चा में बना हुआ है। लेकिन इस बीच अभिनेत्री की एक मोस्ट अवेटेड फिल्म को लेकर सुर्खियां फिर से तेज हो गई हैं। जिस पर अब आलिया भट्ट ने खुलकर बात की है और ये पुष्टिकरण किया है कि एल्फा के बाद वह कौन सी मूवी होगी, जिसके जरिए वह बड़े पर्दे पर वापसी करेंगी। आइए जानते हैं- साल 2018 में रिलीज हुई सोहम शाह की फिल्म तुम्बाड की फ्रेंचाइज अब तुम्बाड 2 के साथ आगे बढ़ रही है। अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी के इस फिल्म से जुड़ने के बाद फिल्म चर्चा में रही है। अब फिल्म की टीम ने अभिनेत्री आलिया भट्ट के भी तुम्बाड 2 से जुड़ने की घोषणा कर दी है। वह फिल्म में एक अहम किरदार निभाती नजर आएंगी। आलिया ने कहा है- तुम्बाड पहली बार देखने के बाद से ही मेरे साथ बनी हुई है। बहुत कम फिल्में लोग ऐसे बना पाते हैं, जो इतनी अलग हो। कम ही ऐसी फिल्में बनती हैं, जो रिलीज के सालों बाद भी लोगों के दिलों-दिमाग में बनी रहती हैं। अब इस दुनिया का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत खास है। मैं सोहम और नवाज के साथ काम करने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। मैं लंबे समय से इन दोनों कलाकारों की प्रशंसक रही हूं और ऐसे किरदार को निभाने का इंतजार कर रही हूं, जो तुम्बाड जैसी रहस्यमयी और यादगार कहानियों का हिस्सा हैं। वहीं सोहम भी आलिया के फिल्म से जुड़ने से खुश हैं। वह कहते हैं- आलिया का तुम्बाड 2 से जुड़ना हम सभी के लिए बहुत खुशी की बात है। वह इस पीढ़ी की सबसे प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक हैं और मुझे पूरा यकीन है कि दर्शकों को इस फिल्म में उनका बिल्कुल नया अंदाज देखने को मिलेगा। हमने उनके डेब्यू से लेकर अब तक उनकी शानदार परफार्मेंस देखी है। मैं उनके साथ पहली बार काम कर रहा हूं। साल 2024 में सोहम साह स्टारर तुम्बाड को रिलीज किया गया था। दोबारा से सिनेमाघरों में वापसी के साथ इस हॉरर थ्रिलर ने बॉक्स ऑफिस पर ऐतिहासिक कमाई करके दिखाई थी और री-रिलीज में सबसे अधिक बिजनेस के मामले में अपनी धाक जमाई। गौर करें तुम्बाड पार्ट 2 की रिलीज डेट की तरफ तो मेकर्स इसकी घोषणा पहले ही कर चुके हैं और ये फिल्म इसी साल 3 दिसंबर को थिएटर्स में रिलीज की जाएगी।

# एशियन अंडर-19 बॉक्सिंग चैंपियनशिप भारत के नौ मुक्केबाज फाइनल में

**जकार्ता** , 14 जुलाई (एजेंसी)। एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारतीय मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन लगातार जारी है। सोमवार को खेले गए अंडर-19 वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबलों में भारत के नौ मुक्केबाजों ने फाइनल में जगह बनाई, जबकि छह मुक्केबाजों ने कांस्य पदक अपने नाम किए। अंडर-19 महिला वर्ग में भारत की सभी आठों मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। चाहत (60 किग्रा) ने चीनी ताइपे की पेई-चुन त्साई को 5-0 से हराया। अंशिका (75 किग्रा) ने चीनी ताइपे की आन-ची त्सेंग को पहले राउंड में आरएससी (रेफरी स्टॉप्ड कॉन्टेस्ट) से मात दी। मेघा श्योकंद (80 किग्रा) की प्रतिद्वंद्वी वियतनाम की मुक्केबाज मुकाबला जारी नहीं रख सकीं, जिससे मेघा सीधे फाइनल में पहुंच गईं। प्राची तोकस (+81 किग्रा) ने चीनी ताइपे की शू-शियान वांग को पहले राउंड में आरएससी से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। इससे पहले जीत दर्ज करने वाली भारतीय मुक्केबाजों के साथ अब अंडर-19 महिला वर्ग में भारत की सभी आठ खिलाड़ी फाइनल में पहुंच चुकी हैं। पुरुष वर्ग में भारत के दो मुक्केबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। आदित्य (55 किग्रा) ने दक्षिण कोरिया के ह्योनमिन ली को दूसरे राउंड में आरएससी से हराया। शुभम राजपूत (90 किग्रा) ने किर्गिस्तान के आइतबेक बेर्दिमुरातोव को 3-2 के करीबी मुकाबले में शिकस्त दी। वहीं, सेमीफाइनल में हारने वाले छह भारतीय मुक्केबाजों को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

# सीएसके और स्टीफन फ्लेमिंग की 18 साल पुरानी साझेदारी खत्म

**नई दिल्ली** , 14 जुलाई (एजेंसी)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और उनके मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने आपसी सहमति से एक-दूसरे से अलग होने का फैसला किया है। फ्रेंचाइजी प्रबंधन और फ्लेमिंग के बीच हुई चर्चा के बाद यह निर्णय किया गया है। फ्लेमिंग लंबे समय से सीएसके के मुख्य कोच के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे, लेकिन आईपीएल 2026 के सीजन के कुछ महीने बाद ही उन्होंने इस टीम का साथ छोड़ने का फैसला कर लिया। स्टीफन फ्लेमिंग साल 2008 में आईपीएल के पहले सीजन में एक खिलाड़ी के रूप में चेन्नई सुपर किंग्स से जुड़े थे। इसके बाद साल 2009 में उन्होंने टीम के मुख्य कोच की कमान संभाली। पिछले 17 वर्षों से सीएसके और फ्लेमिंग का साथ मजबूती से रहा और फ्रेंचाइजी ने कई सफलताएं हासिल की। फ्लेमिंग के मार्गदर्शन में सीएसके ने सफलता के नए आयाम छुए। उनके कोच रहते सीएसके ने पांच आईपीएल ट्रॉफी और दो बार चैंपियंस लीग टी20 का खिताब अपने नाम किया। इतनी ही नहीं, सीएसके ने रिकॉर्ड 12 बार प्लेऑफ में जगह बनाई और 10 बार आईपीएल के फाइनल में पहुंची। सीएसके के मालिक रूपा गुरुनाथ ने कहा, स्टीफन फ्लेमिंग इस फ्रेंचाइजी के पूरे सफर में हमारी कोचिंग यूनिट की धड़कन रहे हैं। लगभग दो दशकों तक उन्होंने हमारी पहचान, दृष्टिकोण और उत्कृष्टता को आकार देने में मदद की। सुपर किंग्स फ्रेंचाइजी की ओर से हम उनकी प्रतिबद्धता और नेतृत्व के लिए गहरा आभार व्यक्त करते हैं। भले ही मैदान पर हमारा सफर खत्म हो रहा है।

# लौट रहा है सिनेमा का हीरो नंबर-1, 7 सालों बाद बड़े पर्दे पर होगा गोविंदा का ग्रैंड कमबैक



बॉलीवुड के हीरो नंबर-1 के तौर पर एक वक्त पर गोविंदा को जाना जाता था। लेकिन लंबे समय से वह अपने प्रोफेशनल करियर से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बने रहे हैं। हालांकि, अब गोविंदा ने सिल्वर स्क्रीन पर अपनी वापसी का एलान किया है और बताया है कि भविष्य में वह दो बड़ी मूवीज से कमबैक करने के लिए तैयार है। अभिनेता गोविंदा सात साल बाद फिर अभिनय की दुनिया में लौट रहे हैं। साल 2019 में रिलीज फिल्म रंगीला राजा के बाद से ही वह फिल्मों से दूर थे। सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस के जरिए गोविंदा ने अपनी नई फिल्म रूपा और दुनियादारी की घोषणा की, जिसके वह निर्माता भी हैं और अभिनय भी किया है। गोविंदा ने अपने कमबैक को लेकर कहा है- लोगों को लगा था कि मैं बिना किसी योजना के चल नहीं पाऊंगा, लेकिन मैं चला। कई बार मुझे हटाने की कोशिश की गई कि फिल्मों में नहीं आएगा, मैंने फिर से शुरुआत की। मैंने वह सोचा, जो लोग जल्दी सोच नहीं पाते हैं। मैं काम करता हूं, विवादों में नहीं रहता हूं। इस फिल्म को जल्द शुरू करूंगा। अलग तरह का सिनेमा है।

# इंटरनेशल मार्केट में बजा धमाल 4 की कमाई का डंका

मौजूदा समय में फिल्म धमाल 4 सिनेमाघरों में दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करती हुई नजर आ रही है। अपनी मजेदार कहानी के दम पर धमाल 4 ने सभी का दिल जीत लिया है और



इसी वजह से ये कॉमेडी फिल्म कमाई के मामले में भी उम्दा प्रदर्शन करती हुई नजर आ रही है। घरेलू बॉक्स ऑफिस के अलावा अजय देवगन की धमाल 4 ने इंटरनेशनल मार्केट में भी अपनी धाक जमाई है। जिसका अंदाजा आप धमाल 4 के वर्ल्डवाइड कलेक्शन की ताजा रिपोर्ट को देखकर आसानी से लगा सकते हैं। आइए जानते हैं कि अब तक इस मूवी ने दुनियाभर में कितना कारोबार कर लिया है- ओपनिंग वीकेंड पर कमाई के मामले में धमाकेदार प्रदर्शन करने वाली धमाल 4 ने सोमवार से वर्किंग डे में एंट्री ली है। इस बात का अनुमान पहले लगा लिया गया था कि नॉन हॉलिडे में फिल्म की कमाई का ग्राफ नीचे की तरफ जाएगा और हुआ भी कुछ ऐसा है। रिलीज के चौथे दिन धमाल 4 के कलेक्शन में गिरावट दर्ज हुई है, लेकिन आंकड़े इतने खराब नहीं हैं, जिनकी आलोचना की जाए। सैकनिल्क की रिपोर्ट के आधार पर सोमवार को धमाल 4 ने वर्ल्डवाइड 10 करोड़ से अधिक का कलेक्शन किया है और इसके साथ ही अब इस कॉमेडी ड्रामा फिल्म का दुनियाभर में कुल कारोबार 102 करोड़ के पार पहुंच गया है।

## प्रदेश

# सिपेट में संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 25 जुलाई




**कोरबा,** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, भारत सरकार के अधीन संचालित प्रतिष्ठित संस्थान है। संस्थान द्वारा मुख्य रूप से डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी और डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जो एआईसीटीई एवं एनबीए द्वारा मान्यता प्राप्त हैं। इन पाठ्यक्रमों में 10वीं पास छात्र प्रवेश ले सकते हैं, जिनकी अवधि 3 वर्ष होगी। इसके अतिरिक्त, 12वीं (विज्ञान) या आईटीआइ उत्तीर्ण छात्रों के लिए लैटरल एंट्री की सुविधा भी उपलब्ध है, जिसके माध्यम से वे सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश पा सकते हैं और 2 वर्ष में अपना कोर्स पूरा कर सकते हैं। प्रवेश प्राप्त करने अंतिम तिथि 25 जुलाई 2026 निर्धारित है। सिपेट कोरबा में संचालित अल्पकालीन कौशल विकास प्रशिक्षण की

पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ है। कौशल विकास प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एसईसीएल द्वारा संचालित आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शुरुवात जुलाई के अंतिम सप्ताह एवं माह अगस्त के प्रथम सप्ताह से सिपेट, कोरबा में प्रारंभ होना है। इन पाठ्यक्रमों में 10वीं पास, 11वी पास एवं 12वी पास छात्र-छात्राएं निशुल्क प्रवेश प्राप्त कर सकते है। जिनकी अवधि 3 माह एवं 4 माह होगी। ये सभी पाठ्यक्रम निःशुल्क है। जिसमें छात्रावास, भोजन एवं अन्य पढाई सामग्री शामिल है। कुछेक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में रू. 1500 प्रतिमाह तक छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए संस्थान के एजुकेशन हब, स्याहीमुद्दी स्थित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# एसईसीएल के गेवरा क्षेत्र में वाटर टैंकर का शुभारंभ

## कोयला खदान क्षेत्र में धूल नियंत्रण करने में मिलेगी मदद

**कोरबा,** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। एसईसीएल के गेवरा क्षेत्र में सुरक्षित, पर्यावरण-अनुकूल एवं आधुनिक खनन संचालन को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 70 किलोलीटर क्षमता वाले वाटर टैंकर का शुभारंभ किया गया। इस अत्याधुनिक वाटर टैंकर के संचालन से खदान क्षेत्र में धूल क नियंत्रण, हॉल रोड पर नियमित जल न छिडकाव तथा बेहतर कार्य वातावरण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।

मेक इन इंडिया पहल के अनुरूप देश में निर्मित इस 70 केएल क्षमता हे वाले वाटर टैंकर की उच्च क्षमता बड़े व खनन क्षेत्रों में प्रभावी जल छिडकाव ए सुनिश्चित करेगी। जिससे धूल से उत्सर्जन में कमी आएगी तथा सुरक्षित च, एवं पर्यावरण-अनुकूल खनन



गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। यह मशीन गेवरा क्षेत्र की पर्यावरणीय प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी। इस अवसर पर एसईसीएल अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने कहा, आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग के साथ-साथ मानव संसाधन के कौशल विकास पर समान रूप से बल देना एसईसीएल की प्राथमिकता है। वाटर टैंकर के शुभारंभ अवसर पर दीपक रस्तोगी, महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष (एक्सकेवेशन), शिव कुमार, महाप्रबंधक (एक्सकेवेशन), सुजीत झा, पीई (एक्सकेवेशन), एससी त्रिपाठी, क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी सहित गेवरा क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान अरविंद अहीरवार, प्राचार्य, सुजीत झा, पीई (एक्सकेवेशन) तथा प्रशिक्षण से जुड़े विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को सुरक्षित संचालन, तकनीकी दक्षता एवं आधुनिक खनन प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। गेवरा क्षेत्र आधुनिक तकनीक, सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण तथा कौशल विकास को समान प्राथमिकता देते हुए खनन कार्यों में निरंतर उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर है। इसके साथ ही, कोयला उद्योग में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने एवं उन्हें भारी खनन मशीनों के संचालन में प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से संचालित एसईसीएल की पहल प्रोजेक्ट धसशक्ति के तहत 19 महिला प्रतिभागी ऑपरेटर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को अत्याधुनिक सिम्युलेटर के माध्यम से भारी खनन मशीनों के सुरक्षित एवं दक्ष संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। धराशक्ति जैसी अभिनव पहलों के माध्यम से एसईसीएल सुरक्षित, कुशल, समावेशी एवं सतत खनन व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।

# अयोध्या में चढ़ावा चोरी पर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

## प्रकरण में छोटे कर्मचारियों को फंसाया जा रहा : जयसिंह

**कोरबा,** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। पिछले वर्षों में श्रीराम के अस्तित्व पर सवाल उठाने ओर इन्हें काल्पनिक बताने वाली कांग्रेस ने अयोध्या मंदिर सहित कई मंदिरों में चढ़ावा चोरी पर अफसोस जताया। कोरबा के टीपी नगर चौक में पार्टी ने इस मामले को लेकर प्रदर्शन किया। कहा गया कि देशभर के पूरे हिन्दुओं की आस्था इस घटना से प्रभावित हुई। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि श्रीराम मंदिर अयोध्या में चढ़ावा चोरी के इस पूरे प्रकरण में केवल छोटे कर्मचारियों को फंसाया जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने आठ कर्मचारियों को हिरासत में लिया है जो केवल निचले स्तर के कर्मचारियों तक ही कार्यवाही है जबकि ट्रस्ट के पदाधिकारियों की भी जवाबदेही तय करते हुए कार्यवाही होनी चाहिए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने कहा कि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, सदस्य अनिल मिश्रा और गोपाल राव के खिलाफ भी एफ आई आर होनी चाहिए। पूर्व महापौर एवं पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि श्रीराम



मंदिर में चढ़ावे से 200 करोड़ की चोरी, स्वर्ण जड़ित रामचरित मानस का गायब हो जाना, 200 किलो की चांदी पार कर देना सिर्फ छोटे कर्मचारियों का हाथ नहीं हो सकता। पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी, जिलाध्यक्ष ग्रामीण मनोज चौहान ने भी अपनी बात रखी। इस अवसर पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, प्रदेश सचिव विकास सिंह, बी एन सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष सपना चौहान, रेखा त्रिपाठी, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहु, गजानंद साहु, राकेश पंकज, नारायण कुर्रे, प्रदीप पुरायणे, आनदं पालीवाल, एफ डी मानिकपुरी, मो.शाहिद, बसंत चंद्रा, पालूराम साहू सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जनहित के कार्यों से बनती है अधिकारी की पहचान : कुणाल

**कोरबा,** 14 जुलाई (हाईवे चैनल)। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि प्रशासनिक सेवा में पद और स्थान बदलते रहते हैं, लेकिन अधिकारी अपने कार्यों से ऐसी पहचान छोड़ सकते हैं जिसे लंबे समय तक याद रखा जाए। उन्होंने कहा कि हम सभी शासन के दायित्वों का निर्वहन करने के लिए नियुक्त हुए हैं, इसलिए प्रत्येक अधिकारी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए।

कलेक्टर श्री दुदावत ने यह बात निवर्तमान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग तथा कटघोरा के अनुविभागीय अधिकारी



(राजस्व) तन्मय खन्ना के कोरबा जिले से अन्यत्र स्थानांतरण के अवसर पर आयोजित विदाई समारोह में कही। उन्होंने कहा कि एक अधिकारी की वास्तविक पहचान उसके पद से नहीं, बल्कि जनता के हित में किए गए कार्यों, बेहतर प्रशासन और सकारात्मक परिणामों से बनती है। जहां भी दायित्व मिले, वहां पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर जिले और शासन की अपेक्षाओं पर खरा उतरना चाहिए। कलेक्टर ने दिनेश कुमार नाग और तन्मय खन्ना के कोरबा जिले में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इसी तरह कटघोरा के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं सहायक कलेक्टर आईएएस तन्मय खन्ना के जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ), बस्तर के पद पर नियुक्त होने पर जिला प्रशासन द्वारा उनका आत्मीय सम्मान करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर अधिकारियों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि तन्मय खन्ना एक ऊर्जावान, प्रतिभाशाली और युवा आईएएस अधिकारी हैं, जिनके सामने लंबा एवं उज्ज्वल प्रशासनिक जीवन है। इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस विशाल जायसवाल, आईएएस तरुण कुमार किरण, एडिशनल एसपी लखन पटले, एसडीएम सरोज महिलांगे उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा, (छत्तीसगढ़)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र....ब/121 वर्ष 2025-2026
ग्राम का नाम भाटापारा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती राजेश्वरी कुर्रे पति तोमन लाल कुर्रे जाति सतनामी निवासी ग्राम अमसेना तहसील खरोरा जिला रायपुर के द्वारा अपने पति तोमन लाल कुर्रे पिता श्री राजकुमार कुर्रे माता का नाम श्रीमती राजबाई कुर्रे की मृत्यु दिनांक 11.12.2023 (स्थान) अमन दाल मिल के पीछे सुरजपुरा रोड भाटापारा का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु नगरपालिका परिषद भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ0ग0 जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 08-07-26 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 08-07-26 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 24-06-2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया जाएगा ।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**दण्डाधिकारी भाटापारा**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर संभाग क्र. -1, रायपुर**

**मैनुअल पद्धति से द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

**विज्ञप्ति क्रमांक 4003/एन.आई.टी.-04/टी.सी./26-27/ रायपुर, दिनांक 10/07/2026**

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि (लाखों में) |
| --- | --- | --- |
| 1 | Maintenance of Landscape and Lawn at VIP Guest House PAHUNA Raipur | 4.72 |
| 2 | Maintenance of Landscape of Lawn at Sirpur Bhawan Campus Civil Line Raipur | 2.65 |
| 3 | Maintenance of Landscape and Lawn at Circuit House Campus Civil Line Raipur | 3.51 |

**निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि- 23.07.2026**

**2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur/ में Live Tender के अन्तर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध । इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।**

**शर्तें - समान प्रकृति के किये गये कार्य का प्रमाणित प्रमाण-पत्र, फोटोग्राफ सहित संलग्न किया जाना अनिवार्य है।**

जी-262702081

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग संभाग
क्र.-1 रायपुर

**NOTICE**
**U/S 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT 1932**

**It is hereby notified that constitution of the partnership firm "ASHOK VASTRA BHANDAR" "STATION ROAD, DHAMTARI (C.G.) 493773" has undergone the changes that:- SHRI ASHOK KUMAR PAREKH, S/O LT. SHRI JEETMAL JI PAREKH**
**(Have retired from above partnership on 01/04/2026)**
**Place: DHAMTARI**
**Date: 18/06/2026**

**Sd/-**
**MAHAVIR PAREKH**

CMYK

# सिटी चैनल

रायपुर, मंगलवार 14 जुलाई 2026



### उल्टा पुल्टा

संताः मम्मी, तुम्हारे लिए मेरी क्या कीमत है ?
मांः संता तू तो करोड़ों का है
संताः तो उसी करोड़ों मे से 25000 रुपये देना, गोवा घूमने जाना है!!!
फिर मां ने की चप्पलों की बरसात।

## जाह्नवी कपूर का रॉयल देसी अंदाज बना चर्चा का विषय, दोस्त की शादी में लाखों के लहंगे में लूटी महफिल



बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर एक बार फिर अपने शानदार फैशन सेंस को लेकर सुर्खियों में हैं. हाल ही में वह अपनी करीबी दोस्त आकांक्षा रंजन कपूर की शादी के समारोह में शामिल हुईं, जहां उनका रॉयल और ट्रेडिशनल लुक हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचता नजर आया. शादी से जुड़े इस खास मौके की तस्वीरें जाह्नवी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं, जिन्हें सोशल मीडिया पर फैंस का जबरदस्त प्यार मिल रहा है। इन तस्वीरों में जाह्नवी कपूर ब्लैक और रेड रंग के बेहद खूबसूरत लहंगे में नजर आ रही हैं. उनका यह ट्रेडिशनल लुक न सिर्फ एलिगेंट बल्कि बेहद शाही भी दिखाई दे रहा है. खास बात यह है कि उनके इस लहंगे की कीमत भी चर्चा का विषय बन गई है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, जाह्नवी कपूर ने मशहूर डिजाइनर लेबल रिंपल एंड हरप्रीत का डिजाइन किया हुआ लहंगा पहना है, जिसकी कीमत करीब 1.5 लाख रुपये बताई जा रही है।

## छत्तीसगढ़ में अगले 2 दिन बारिश के आसार नहीं, रायपुर-बिलासपुर में 35 डिग्री पहुंचा पारा

**रायपुर, 14 जुलाई ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ में मानसून की चाल बदल गई है. इस पर ब्रेक लगने के बाद पिछले 24 घंटों में प्रदेश में मौसम शुष्क रहा. दोबारा बारिश की गतिविधि बढ़ने का इन्तजार बढ़ते जा रहा है. रायपुर पूरी तरह सूखा रहने के साथ ही सबसे गर्म इलाका भी रहा. प्रदेश में सामान्य से अबतक 26 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि 15 और 16 जुलाई को प्रदेश में वर्षा की गतिविधि में वृद्धि हो सकती है, जिनमे कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है. प्रदेश में सोमवार को रायपुर और बिलासपुर में सबसे ज्यादा तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम तापमान अंबिकापुर में 23.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।



राजधानी रायपुर में आज मौसम विभाग ने आकाश में बादल छाए रहने की संभावना जताई है. अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार औसत समुद्र तल पर मानसून द्रोणिका श्रीगंगानगर, हिसार, मुरादाबाद, गोरखपुर, मुज.फ्फरपुर, बालुरघाट और वहां से पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर मणिपुर तक बनी हुई है. उत्तरी बंगाल की खाड़ी और उससे सटे दक्षिणी बांग्लादेश के ऊपर, औसत समुद्र तल से 4.5 से 5.8 किलोमीटर की ऊंचाई पर ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है. इसके कारण प्रदेश में मंगलवार को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

## रायपुर बीजेपी एमएलए पुरंदर मिश्रा पर फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**रायपुर, 14 जुलाई ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ के रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने का मामला सामने आया है. फेसबुक पोस्ट पर भाजपा विधायक को लेकर युवक ने अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया है. मामले में पार्षद महेश ध्रुव ने थाना पहुंचकर शिकायत दी. पुलिस ने शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है।



पूरा मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है. पार्षद महेश कुमार ध्रुव ने पुलिस में शिकायत दी कि विधायक पुरंदर मिश्रा को लेकर उनके द्वारा किए गए पोस्ट में 10 जुलाई को ललित टांडी ललित के नाम के फेसबुक अकाउंट से अपमानजनक और अभद्र टिपण्णी की गई. इससे विधायक मिश्रा की प्रतिष्ठा और समाज में उनकी छवि धूमि करने का प्रयास किया गया है. पुलिस ने पार्षद महेश की शिकायत के आधार पर सम्बंधित युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है. बीएनएस की धारा 296 और 353(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है. इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## डीजल चोरी के आरोपी को छोड़ने पर एएसआई उमेश उपाध्याय सस्पेंड, एसएसपी ने जारी किया आदेश

**बिलासपुर, 14 जुलाई ( हाईवे चैनल )।** डीजल चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद छोड़ने के मामले में एसएसपी रजनेश सिंह ने कार्रवाई करते हुए एएसआई उमेश उपाध्याय को निलंबित कर दिया है. पूरे वाकये का वीडियो वायरल हुआ था।



जानकारी के अनुसार, कोनी थाना पुलिस ने नेशनल हाईवे पर खड़े ट्रक और ट्रेलर जैसे भारी वाहनों से डीजल चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 5 आरोपियों को दबिश देकर पकड़ा था। गिरफ्तार करने के बाद थाने से इन पांच आरोपियों में से तीन आरोपियों बैसाखू, राजेश, राजू को छोड़ दिया. इसका वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी रजनेश सिंह ने संज्ञान लेते हुए एएसआई उमेश उपाध्याय को निलंबित कर दिया है।

## शहर के सड़कों की सेहत तीन महीने में होगी दुरस्त: रामू रोहरा

### जनमानस को राहत देने लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष की पहल पर राशि स्वीकृत, महापौर ने लगाई मुहर

### आगामी समय में बुनियादी सुविधाओं को आगे बढ़ाने और भी विकास कार्य होंगे उपलब्धः विजय मोटवानी

**धमतरी 14 जुलाई ( हाईवे चैनल )।** शहर के 40 वार्डों में सड़क की खराब स्थिति को देखते हुए महापौर रामू रोहरा के निर्देश पर विकास के कार्य शहर में चल रहे हैं नगर निगम के लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष विजय मोटवानी की पहल पर 26 लाख 82 हजार रुपए की लागत से मरम्मत किए जाने हेतु टेंडर जारी कर दिए गए, जनहित के इस गंभीर एवं महत्वपूर्ण समस्या को देखते हुए वार्ड के जनप्रतिनिधि पार्षदों को राहत दिए जाने हेतु महापौर रामू रोहरा ने उक्त कार्य पर तुरंत मुहर लगाते हुए श्री मोटवानी सहित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किये है कि पार्षदों की सहमति तथा उनके भौतिक निरीक्षण के पश्चात ही इन कार्यों को अंतिम रूप धरातल पर दिया जाना सुनिश्चित किया जावे। जिससे आगामी 3 माह के अंदर में सड़कों के गड्ढों से आम जनता को निजात मिल जाएगी, पार्षदों ने निरीक्षण किया गौरतलब है कि बारिश से पूर्व से ही पार्षद गण तथा आम जनमानस द्वारा नगर निगम प्रशासन का इस समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा था क्योंकि सड़कों पर पानी भर जाने से राहगीरों को आने जाने में परेशानी तो होती थी लेकिन इसे दुर्घटनाओं की आशंका भी बन गई थी जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष विजय मोटवानी द्वारा विभागीय इंजीनियरों एवं जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों की बैठक सलाहकार समिति/विभागीय सदस्य गणों (पार्षदगण) पिंटू यादव कुलेश सोनी , मेघराज ठाकुर ,हेमंत बंजारे,ईश्वर सोनकर, नम्रता पवार, चंद्रभागा साहू, उमाबाई कोमल सर्वा राकेश चंदवानी के साथ योजना बनाकर आने वाले समय में होने वाले प्रमुख तीज त्योहारों स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी,नवरात्रि, दशहरा, दिवाली, गुरु नानक जयंती से पूर्व जन मानस को राहत देने के दृष्टिकोण से यहां निर्णय लिया गया था कि सड़कों की मरम्मत अति आवश्यक है जिस पर सहमति बनाते हुए यहां राशि स्वीकृत प्रदान करते हुए कार्य रूप में पारिणित हो गई है।



### शहर विकास के साथ ही बुनियादी समस्याओं के निराकरण के लिए गंभीर है महापौर व लोकनिर्माण विभाग अध्यक्ष

महापौर रामू रोहरा शहर विकास के साथ ही बुनियादी समस्याओं के निराकरण के लिए गंभीर है। इसलिए जनहित की मांगो को ध्यान में रखते हुए सड़क मरम्मत कार्य को स्वीकृति प्रदान करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य को पूरा कर शहरवासियों को राहत दिलाने के निर्देश दिये है। वहीं विजय मोटवानी ने कहा है कि शहर की बुनियादी सुविधाओं को सरलता एवं सुगमता पूर्वक आम जनमानस को विभिन्न विकास कार्यों के माध्यम से उपलब्ध कराने के लिए समर्पित भाव से कार्य करते रहेंगे। सड़क मरम्मत कार्य समय सीमा व गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराया जाएगा।



## 12वीं बोर्ड में नकल का स्टिंग

## हाईकोर्ट ने स्कूल शिक्षा सचिव से पूछा- संलिप्त शिक्षकों पर अब तक क्या कार्रवाई हुई ?



**बिलासपुर, 14 जुलाई ( हाईवे चैनल )।** हाईकोर्ट ने महासमुंद जिले के भंवरपुर स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में 12वीं की बोर्ड परीक्षा के दौरान हुए नकल कांड और एक छात्रा द्वारा किए गए साहसी स्टिंग ऑपरेशन को गंभीरता से लिया है. छात्रा की बहादुरी और मीडिया में आई खबरों को लेकर चीफ जस्टिस जस्टिस रमेश सिन्हा और रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने इस मामले को जनहित याचिका के रूप में सुनवाई शुरू की है. अदालत ने छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा सचिव को नोटिस जारी कर इस पूरे प्रकरण पर शपथ पत्र के साथ जवाब तलब किया है. कोर्ट ने पूछा है कि मीडिया में जिन शिक्षकों के नाम नकल कराने में संलिप्त पाए गए हैं, उन पर अब तक क्या दंडात्मक कार्रवाई की गई है. शिक्षा विभाग की ओर से मामले में तीन महीने में विभागीय जांच पूरी कर कार्रवाई करने की बात कही गई है. मामले की अगली सुनवाई अक्टूबर माह के पहले हफ्ते में होगी।

मामला महासमुंद जिले के बसना ब्लॉक के रोहिणी गांव की छात्रा नीता जगत के साहस से जुड़ा है. सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा नीता का परीक्षा केंद्र स्वामी आत्मानंद स्कूल, भंवरपुर में था. परीक्षा के दौरान जब उसने देखा कि शिक्षक स्वयं छात्रों को उत्तर लिखवा रहे हैं और मोबाइल का खुलेआम उपयोग हो रहा है, तो उसने चुप सबूत जुटाने स्टिंग कर नकल की गतिविधियों को रिकॉर्ड किया. छात्रा का सवाल था कि अगर इस तरह नकल होगी, तो ईमानदारी से पढ़ाई करने वाले छात्र क्या करेंगे। आरोप है कि, जब नीता ने इस अनैतिक कार्य का विरोध किया, तो केंद्र अधीक्षक और स्कूल के प्रिंसिपल ने उसे सुरक्षा देने के बजाय फटकार लगाई. उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया और यहाँ तक कि अंग्रेजी की परीक्षा के दौरान उसकी डेस्क पर पहले से उत्तर लिखकर उसे झूठे केस में फंसाने की साजिश भी रची गई. इस भारी दबाव के कारण छात्रा बीमार पड़ गई, लेकिन उसने हार नहीं मानी. जिला स्तर पर सुनवाई नहीं होने पर उसने रायपुर स्थित माध्यमिक शिक्षा मंडल के कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई।

## राजिम की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी, बना नगर पालिका

**रायपुर, 14 जुलाई ( हाईवे चैनल )।** राज्य शासन ने राजिमवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी करते हुए राजिम नगर पंचायत का नगर पालिका के रूप में उन्नयन कर दिया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। राजिम नगर पंचायत की सीमाएं ही राजिम नगर पालिका की सीमाएं होंगी। राज्य शासन के इस निर्णय से पूरे शहर में खुशी एवं उत्साह का वातावरण है।

### राज्य शासन ने जारी की अधिसूचना

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने राजिम नगर पंचायत के नगर पालिका के रूप में उन्नयन पर कहा कि राज्य शासन के इस निर्णय से राजिम के सुनियोजित विकास को नई दिशा मिलेगी तथा शहरी सुविधाओं के विस्तार के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध होंगे। इससे राजिम में सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट, उद्यान, सामुदायिक भवन सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाओं के विकास को और ज्यादा गति मिलेगी। साथ ही राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ भी अधिक प्रभावी ढंग से नगरवासियों तक पहुंचेगा।




प्रकाशक मुद्रक ■ राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु कॉम्पलेक्स, रायपुर से प्रकाशित ■ रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98 ■ सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव ■ स्थानीय सम्पादक- शम्भाजी राव घाटगे (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) फोनः 0771-4077750 4077760 ■ भिलाई कार्यालय- व्यवसायिक परिसर, आकाशगंगा, सुपेला भिलाई मो. 6263674431 email _ highwayraipurcg@gmail.com

CMYK